TUESDAY

दिनमान — सूर्योदय 5.57 सूर्यास्त 5.41
तापमान — अधिकतम 33° न्यूनतम 19°

वर्ष 18, अंक 257 पृष्ठ 12
कोलकाता, मंगलवार, 3 मार्च 2026
फाल्गुन, शुक्लपक्ष, पूर्णिमा, वि.सं. 2082

मूल्य: ₹ 3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक
# युवा शक्ति
कोलकाता संस्करण
www.yuvashaktinews.com







## होली की शुभकामनाएं!

युवा शक्ति के पाठकों, विज्ञापन दाताओं, वितरकों एवं शुभचिंतकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं!

*सम्पादक*

## अवकाश की सूचना

होलिकोत्सव (3 मार्च) के शुभ अवसर पर अवकाश के कारण अगला अंक 5 मार्च (गुरुवार) को प्रकाशित होगा. देश-प्रदेश और दुनिया की खबरों के लिए लॉग ऑन करें www.yuvashaktinews.com

*व्यवस्थापक*

## पीएम मोदी ने बहरीन के किंग व सऊदी क्राउन प्रिंस से की चर्चा

**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया के तनावपूर्ण हालात पर भारत लगातार नजर बनाए हुए है. इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बहरीन के किंग और सऊदी के क्राउन प्रिंस को फोन किया. दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के साथ पीएम मोदी ने इस्राइल और ईरान के टकराव से उपजे तनाव पर चर्चा की. समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी ने आज दो अहम फोन कॉल किए.रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने पहले बहरीन के किंग हमाद बिन ईसा अल खलीफा से बात की. उन्होंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री- मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद से भी बात की. पीएम मोदी ने इन दोनों देशों पर हुए हमलों की निंदा की और यहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा से संबंधित चिंताओं पर भी चर्चा की. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक भी बुलाई थी.

### गृहमंत्री अमित शाह का मथुरापुर रैली में ममता सरकार पर आरोप

# बंगाल को बनाया है घुसपैठियों का स्वर्ग

## भाजपा की सरकार बनी तो 45 दिन में लागू होगा सातवां वेतन आयोग

**'भतीजे' को सीएम बनाने की फिराक में ममता**

**बंगाल में तुष्टिकरण से विकास नहीं होगा**

**8 लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है राज्य**

**हिंदू शरणार्थियों को दिया भरोसा**



**मथुरापुर/ कोलकाता:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों के लिए बड़ा ऐलान किया. अमित शाह बड़ा वादा किया है कि जब मई 2026 में पश्चिम बंगाल में बीजेपी की सरकार बनेगी, तो 45 दिनों के अंदर सातवां वेतन आयोग लागू कर दिया जाएगा. बीजेपी की 'परिवर्तन यात्रा' का शुभारंभ करते हुए अमित शाह ने दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर में यात्रा को हरी झंडी दिखाई. इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने घुसपैठ के मुद्दे पर बीजेपी के रुख का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि अभी मतदाता सूची से केवल घुसपैठियों के नाम हटाए जा रहे हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत के साथ पार्टी के सत्ता में आने के बाद उन्हें राज्य से बाहर निकाल दिया जाएगा. इस दौरान अमित शाह ने बंगाल में बीजेपी की सरकार बनने पर 45 दिन के अंदर सातवां वेतन आयोग लागू करने का वादा किया.

उन्होंने कहा कि 15 साल से ममता बनर्जी ने राज्य में सातवां वेतन आयोग लागू नहीं किया है. सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के निर्देशों के बावजूद सरकारी कर्मचारियों को उनके सही बकाए से वंचित रखा जा रहा है, जिसमें पेंडिंग महंगाई भत्ता (डीए) भी शामिल है. अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के सरकारी कर्मचारी निष्पक्षता, सम्मान और आर्थिक न्याय के हकदार हैं, देरी और इनकार के नहीं. बीजेपी बंगाल के लाखों राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स के साथ मजबूती से खड़ी है. हम यह पक्का करने के लिए कमिटेड हैं कि उनके जायज अधिकारों की रक्षा हो और उन्हें ट्रांसपेरेंट तरीके से और प्रायोरिटी पर सभी लाभ दिया जाए.

शनिवार को संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद राज्य में अपने पहले दौरे पर आए अमित शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बंगाल को घुसपैठियों का स्वर्ग बना दिया था और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल की ओर से अवैध अप्रवासन की अनुमति देने के कारण सीमावर्ती राज्य की सुरक्षा खतरे में है. उन्होंने कहा कि बंगाल एक सीमावर्ती राज्य है. टीएमसी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती. क्योंकि वे घुसपैठ की अनुमति देते हैं. केवल बीजेपी ही बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्य को सुरक्षा प्रदान कर सकती है.

अमित शाह की ये टिप्पणी शनिवार को प्रकाशित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद की मतदाता सूचियों की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें नवंबर में शुरू हुई इस प्रक्रिया के बाद से 63.66 लाख नाम हटाए गए हैं. जो मतदाताओं का 8.3 प्रतिशत है. इससे मतदाताओं की संख्या घटकर सिर्फ 7.04 करोड़ से थोड़ी अधिक रह गई है और 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले निर्वाचन क्षेत्रों के समीकरण में महत्वपूर्ण बदलाव आया है. उन्होंने घुसपैठिए कहे जाने वाले लोगों और पड़ोसी देशों से उत्पीड़न के कारण पलायन कर आए अल्पसंख्यकों के बीच भेद रेखांकित करने का प्रयास करते हुए कहा कि मैं हिंदू शरणार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनमें से एक भी अपनी नागरिकता नहीं खोएगा.

अमित शाह ने कहा कि अभी तो सिर्फ मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं और ममता दीदी घबराई हुई हैं. भाजपा के सत्ता में आने के बाद हम बंगाल से हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे बाहर निकाल देंगे. केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बीजपी के पूर्ण बहुमत से सत्ता में आने पर घुसपैठ और भ्रष्टाचार रुक जाएगा और उन्होंने इस आरोप को दोहराया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार सीमाओं की सुरक्षा करने में विफल रही है. तीखे व्यक्तिगत हमले में उन्होंने आरोप लगाया कि बनर्जी मंदिरों का उद्घाटन करने में व्यस्त हैं, जबकि बंगाल में बाबरी मस्जिद के निर्माण की अनुमति दे रही हैं. उन्होंने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के नेता हुमायूं कबीर का बाहर होना ऐसी मस्जिद के निर्माण को सुगम बनाने के लिए रची गई सुनियोजित साजिश का हिस्सा है. कबीर ने पिछले साल दिसंबर में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की नींव रखी थी.

### बड़ी लहर आना बाकी है, कहकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दी चेतावनी

# और शुरू हो गये ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी

**न्यूक्लियर साइट को पूरी तरह तबाह करना चाहते हैं ट्रंप**

**हमलों में ईरान में अब तक 555 लोगों की मौत**

**इजरायल ने हिजबुल्लाह के खुफिया प्रमुख मार गिराया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अभी ईरान में बड़ी लहर आनी बाकी है. वह न्यूज चैनल सीएनएन को इंटरव्यू दे रहे थे. इस दौरान उन्होंने ईरान पर हो रहे हमले तेज करने की चेतावनी दी. इसी बीच इस्फहान में ईरान के न्यूक्लियर साइट पर नए धमाके हुए. दरअसल ट्रंप ईरान के न्यूक्लियर साइट को पूरी तरह तबाह करना चाहते हैं. इसके पहले रविवार को उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सेना ईरान पर चार से पांच सप्ताह तक हमला जारी रखेगी. साथ ही इस बात पर जोर दिया कि इजरायल और अमेरिका के लिए लड़ाई की तीव्रता बनाए रखना मुश्किल नहीं होगा.



हालांकि, ट्रंप ने एक संक्षिप्त साक्षात्कार के दौरान ईरान में नई शासन व्यवस्था को लेकर कई विरोधाभासी दृष्टिकोण प्रस्तुत किए. सत्ता हस्तांतरण की अपनी योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान के विशिष्ट सैन्य बल, जिनमें रिवोल्यूशनरी गार्ड के अधिकारी भी शामिल हैं, ईरानी जनता को अपने हथियार सौंप देंगे. ईरानी समाचार वेबसाइट्स ने खबर दी है कि विस्फोट ईरान के केंद्रीय शहर के पास एक परमाणु ठिकाने के पास हुए. फुटेज में इस क्षेत्र के एक ईरानी वायु सेना के अड्डे से धुंआ उठता दिखाई दे रहा है. ये रिपोर्टें ऐसे समय में आई हैं जब इजरायल और अमेरिका ईरानी शासन, सैन्य और परमाणु ठिकानों पर लगातार हवाई हमले कर रहा है. यह हमले ऑपरेशन रोरिंग लायन और एपिक फ्यूरी का हिस्सा हैं.गौरतलब है कि इजरायल-अमेरिका का ईरान पर संयुक्त हमला और उसकी जवाबी कार्रवाई सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रही. इसमें अब तक ईरान में करीब 555 लोगों की मौत हो गई है. ईरान की जवाबी कार्रवाई में पड़ोसी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डों को आज भी निशाना बनाया गया. इस बीच सैन्य कार्रवाई में मारे गये ईरान के नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की घायल पत्नी की मौत हो गई. सरकारी टीवी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए उन्हें शहीद करार दिया.

इजरायल ने ईरान के साथ-साथ लेबनान को भी निशाना बनाया. साथ ही दावा किया कि उसने वहां सक्रिय आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के खुफिया प्रमुख हुसैन माकलेद को मार डाला है. इससे पहले लेबनान ने कहाकि दक्षिणी इलाकों और राजधानी बेरूत पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 31 लोग मारे गए और डेढ़ सौ से अधिक घायल हो गए. लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिजबुल्ला की सैन्य गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करते हुए इजरायल के साथ बढ़ते तनाव के बीच संगठन से अपने हथियार सौंपने का आग्रह किया है.

इस जंग में यूरोपीय देशों ने भी हस्तक्षेप करने का ऐलान कर दिया है. ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच कहा है कि वे ईरान के खिलाफ 'आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई' के लिए तैयार हैं. तीनों देशों की ओर से रविवार को जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, ताकि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता को उनके स्रोत पर नष्ट किया जा सके.

रेड क्रेसेंट सोसाइटी के अनुसार, अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले शुरू होने के बाद से ईरान में कम से कम 555 लोग मारे गए हैं. ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, एक लड़कियों के प्राथमिक विद्यालय पर हुए हमले में कम से कम 168 छात्राएं मारी गयीं, जबकि राजधानी और उत्तरी ईरान में अलग-अलग हमलों में तीन अन्य छात्र मारे गए. यूरोपीय यूनियन (ईयू) की अध्यक्ष उर्सूला वान डेर लेयेन ने कहा है कि पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर बनी हुई है, लेकिन ईरान के लंबे समय से पीड़ित लोगों के लिए एक नई उम्मीद जगी है.




### सीएम ममता ने फिर चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप, कहा-

# एसआईआर के जरिये भाजपा की मदद के लिए काटे गए वोटरों के नाम

## सीएम ने कहा : भवानीपुर सीट से ही लड़ूंगी और फिर जीतूंगी

**कोलकाता:** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मतदाता सूची से 1.2 करोड़ नाम काटे जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की और इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया. ममता ने भाजपा पर जानबूझकर वोट काटने और चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाया है, साथ ही अपनी जीत का विश्वास भी व्यक्त किया. उन्होंने घोषणा की है कि वह फिर से भवानीपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी. सीएम ममता ने कहा कि मैं हैरान हूं. अमानवीय, बदले की भावना से काम किया गया. कायर लोग पीछे से लड़ते हैं. उन्होंने जानबूझकर नाम काटे हैं. मेरे चुनाव क्षेत्र में 60 हजार वोट काटे गए हैं.



उन्होंने कहा कि लेकिन फिर भी मैं कहती हूं, मैं भवानीपुर से जीतूंगी, एक वोट से भी जीतूंगी. मुझे विश्वास है, मुझे भगवान पर विश्वास है, मुझे मां पर विश्वास है, मुझे हिंदू-मुस्लिम-बौद्धों पर विश्वास है. मैं धरने पर बैठूंगी, मुझे मोरल सपोर्ट दो. बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने नंदीग्राम विधानसभा सीट पर भाजपा के शुभेंदु अधिकारी से पराजित हुई थीं. उसके बाद उन्होंने भवानीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में जीत हासिल की थी. इस बार फिर से यह अटकलें लग रही थी कि ममता बनर्जी किस सीट से चुनाव लड़ेंगी.

## तीन अमेरिकी एफ-15 विमानों को ध्वस्त किया

**कुवैत सिटी:** कुवैत में सैन्य अभियान के दौरान बड़ी चूक सामने आई जब कुवैती एयर डिफेंस सिस्टम ने गलती से अमेरिका के तीन एफ-15ई लड़ाकू विमानों को मार गिराया. सेंटकॉम के अनुसार सभी छह एयरक्रू सुरक्षित बचा लिए गए हैं और उनकी हालत स्थिर है. घटना को फ्रेंडली फायर माना जा रहा है. अमेरिका और कुवैत ने मामले की जांच शुरू कर दी है. सेंटकॉम के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में सक्रिय सैन्य अभियान चल रहा था और सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर थे. इसी दौरान कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने अमेरिकी लड़ाकू विमानों को गलती से दुश्मन समझ लिया और उन पर कार्रवाई कर दी. सैन्य बयान में कहा गया कि सभी छह एयरक्रू ने समय रहते इजेक्ट किया और बाद में उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया गया. सभी की हालत स्थिर बताई गई है.कुवैत सरकार और रक्षा बलों ने इस घटना को स्वीकार किया है. अमेरिकी सेना ने कुवैती रक्षा बलों के सहयोग और बचाव अभियान के लिए आभार भी जताया. बयान में कहा गया कि संयुक्त सैन्य अभियान के दौरान दोनों देशों की सेनाएं लगातार समन्वय में काम कर रही हैं. घटना के बाद सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा शुरू कर दी गई है ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो. सेंटकॉम ने स्पष्ट किया कि इस पूरी घटना की विस्तृत जांच की जा रही है. शुरुआती तौर पर इसे फ्रेंडली फायर यानी अपने ही सहयोगी बलों की गलती से हुई कार्रवाई माना जा रहा है.



# बंगाल में घुसपैठियों के लिए असम के 'पहचानो, हटाओ और वापस भेजो' के मॉडल को लागू करेंगे: नितिन नवीन



**इस्लामपुर/कोलकाताः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो कथित बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकालने के लिए असम के 'पहचानो (डिटेक्ट), नाम हटाओ (डिलीट) और वापस भेजो (डिपोर्ट)' मॉडल को अपनाएगी. राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले माल्दा जिले के इस्लामपुर में भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करते हुए नवीन ने एक रैली में यह घोषणा भी की कि भाजपा अगर राज्य की सत्ता में आई, तो इस्लामपुर का नाम बदलकर 'ईश्वरपुर' कर देगी. उन्होंने कहा, हमने हाल में बिहार में सरकार बनाई है. असम में हम बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकालने के लिए 'डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट' का मॉडल अपना रहे हैं. जहां भी ये विदेशी लोग हमारे अपने नागरिकों के अधिकारों को छीन रहे हैं, हम वहां इसे लागू करेंगे. राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में हाल में नाम हटाए जाने का जिक्र करते हुए नवीन ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग ने बंगाल में 50 लाख से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठियों के मताधिकार पहले ही ले लिए हैं. उन्होंने कहा, अगर निर्वाचन आयोग 50 लाख से अधिक बांग्लादेशियों के नाम नहीं हटाता, तो बंगाल के लोगों के लिए केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घुसपैठियों को मिलता. नवीन ने पूरे भाषण में उपस्थित लोगों को 'ईश्वरपुर के लोग' संबोधित करते हुए कहा, हम इस जगह का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने के आपके सपने को पूरा करेंगे, क्योंकि यह राजबंशी सुधारक ठाकुर पंचानन बर्मा की, बंगाल के अंतिम हिंदू राजा लक्ष्मण सेन की और क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी पूर्ण चंद्र दास की भूमि रही है.

## दमदम हवाई अड्डे से पश्चिम एशिया के लिए 20 उड़ानें रद्द, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**कोलकाताः** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का सीधा असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा है. सोमवार को कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, दमदम से पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों के लिए जाने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी गईं. कुल पांच विमान कंपनियों की 20 उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. रद्द की गई उड़ानों में एमिरेट्स की आठ, कतर एयरवेज की चार, इतिहाद एयरवेज की चार, एयर अरबिया की दो और फ्लाई दुबई की दो उड़ानें शामिल हैं. इन उड़ानों के रद्द होने से दुबई, दोहा और अबू धाबी जाने वाले यात्रियों की यात्राएं प्रभावित हुई हैं. पश्चिम एशिया के प्रमुख हवाई अड्डे, विशेषकर दुबई जैसे शहर, अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा के लिए महत्वपूर्ण ट्रांजिट केंद्र माने जाते हैं. भारत से यूरोप और अमेरिका जाने वाले बड़ी संख्या में यात्री इन्हीं हवाई अड्डों के रास्ते यात्रा करते हैं. कोलकाता से भी नियमित रूप से इन केंद्रों के लिए सीधी उड़ानें संचालित होती हैं, लेकिन मौजूदा तनावपूर्ण हालात के कारण सेवाएं बाधित हो गई हैं. केवल कोलकाता ही नहीं, बल्कि दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई के हवाई अड्डों से भी पश्चिम एशिया के लिए कई उड़ानें रद्द की गई हैं. पश्चिम में बढ़ते तनाव के कारण कई प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई हैं. इस स्थिति के कारण जहां भारत से जाने वाले यात्री अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहीं पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में फंसे भारतीय भी वीजा और वापसी को लेकर चिंतित हैं. इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में चर्चा की गई, जिसमें विदेशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी के उपायों पर विचार किया गया. विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनाव के कारण भारत में मौजूद विदेशी नागरिकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है. सरकार ने भरोसा दिलाया है कि वीजा अवधि बढ़ाने और भारत में उनके ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी.

## उत्तर हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा एवं ट्रस्ट का होली महोत्सव संपन्न



**हावड़ा:** उत्तर हावड़ा में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा एवं ट्रस्ट का होली महोत्सव श्याम गार्डन, हावड़ा में राजस्थानी पारंपरिक लोकगीतों के रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में राजस्थानी लोकगीतों का रंगारंग आयोजन हुआ. राजस्थान के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक श्री सज्जन कुमार जैन एवं राजस्थान से ही पधारी गायिका सोनू कंवर ने अपनी प्रस्तुति से तेरापंथ समाज के लोगों को मंत्रमुग्ध कर सबको नाचने के लिए बाध्य कर दिया. समारोह की भव्यता में चार चांद लगाने हेतु कार्यक्रम के अतिथिगण माननीय मंत्री श्री अरूप राय, क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री गौतम चौधरी, हावड़ा जिला कांग्रेस नेता श्री महेन्द्र अग्रवाल, कोलकाता कारपोरेशन के पार्षद श्री विजय ओझा, जोधपुर राजस्थान के विधायक अतुल बाफना, अनिल पांडेय आदि उपस्थित थे. श्री अरूप राय एवं शशि- सुरेन्द्र सुराणा ने दीप प्रज्वलित कर एवं सोनू कंवर की गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री प्रतीक चोरड़िया, श्री नागराज बरमेचा, श्री राजेन्द्र दुगड़ एवं श्री धर्मेन्द्र जैन चोरड़िया उपस्थित थे. सभा अध्यक्ष श्री जुगल किशोर बोथरा, ट्रस्ट के अध्यक्ष जगत सिंह टांटिया, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री संजय बच्छावत, ट्रस्ट के मंत्री बुद्धमल लुनिया, सहमंत्री विनोद कुचेरिया, रणजीत बोथरा, कोषाध्यक्ष आनंद पारख, सभा मंत्री प्रवीण सिंघी, युवक परिषद अध्यक्ष अरुण बोहरा, मंत्री जितेंद्र सिंघी, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के अध्यक्ष तीरथ दुगड़, मंत्री विनोद बांठिया एवं महिला मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित थे. आयोजन के सफल बनाने में रजत जैन, सुशील गंग, रोहित सामसुखा, राकेश संचेती, श्री जेठमल सामसुखा, ज्ञानचंद मुसरफ, अनिल भंसाली, प्रकाशचन्द्र बोथरा, राजू नाहटा, नमन जम्मड़, नमन बच्छावत, सन्दीप डागा आदि सक्रिय थे. आयोजन के सफल संचालन का दायित्व श्री अशोक भंसाली ने निभाया. गौरतलब है कि शशि-सुरेन्द्र सुराणा की सक्रियता और समर्पण भाव से तेरापंथ समाज का हर आयोजन सफलता के नये शिखर को छूता है.

## घुसपैठियों को शरण दे रही ममता बनर्जी सरकार: शिवराज सिंह चौहान



**कोलकाताः** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर ममता बनर्जी सरकार की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को शरण दे रही है. भाजपा नेता ने तृणमूल कांग्रेस पर घुसपैठियों के लिए फर्जी आधार और मतदाता कार्ड तैयार करने तथा क्षेत्र की जनसांख्यिकी को बदलने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया. चौहान ने उत्तर 24 परगना जिले में 'परिवर्तन यात्रा' रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए. बंगाल में महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद, महिलाओं के साथ बलात्कार और उत्पीड़न के मामले जारी हैं. चौहान ने कहा, तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों को शरण देकर इस क्षेत्र की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिश कर रही है. सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने दावा किया कि तृणमूल सरकार बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं करा रही, क्योंकि इससे घुसपैठियों को भारत में प्रवेश करने से रोका जा सकेगा. चौहान ने वादा किया कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आती है, तो वह इन सभी अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करेगी.

## एसएससी घोटाला मामले में पार्थ और अर्पिता फिर तलब

**कोलकाताः** एसएससी (स्कूल सर्विस कमीशन) भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ने वाली हैं. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दोनों को पूछताछ के लिए तलब करने का फैसला किया है. सूत्रों के मुताबिक, होली (दोल) के बाद उन्हें ईडी कार्यालय में पेश होने को कहा जाएगा. जानकारी के अनुसार, एसएससी घोटाले की जांच के दौरान कई अहम बिंदुओं पर पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी के नाम सामने आए हैं. इसी आधार पर प्रवर्तन निदेशालय दोनों से अलग-अलग पूछताछ कर मामले से जुड़े तथ्यों की पुष्टि करना चाहता है. उल्लेखनीय है कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में पार्थ चटर्जी को पहले गिरफ्तार किया गया था. बाद में उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया. लंबे समय तक जेल में रहने के बाद दोनों फिलहाल जमानत पर बाहर हैं. इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी दोनों कर रही हैं और चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है. ईडी सूत्रों के मुताबिक, एसएससी भर्ती घोटाले से जुड़े मनी ट्रेल और अन्य दस्तावेजों की जांच में कई जगह दोनों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है. इसी कड़ी में पूछताछ का निर्णय लिया गया है. मंगलवार को होली होने और सप्ताह में छुट्टियों के चलते, तत्काल पूछताछ की संभावना कम है. ईडी सूत्रों के अनुसार, 16 से 18 मार्च के बीच पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी को समन भेजा जा सकता है.

## ठहाकों की गुलाल से महका कलाकुंज: कलकत्ता टेक्सटाइल एजेंट्स एसोसिएशन का 'होली प्रीति व हास्य कवि सम्मेलन 2026



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** 'सिटी ऑफ जॉय' के नाम से विख्यात कोलकाता अपनी जीवंत संस्कृति और उत्सवप्रियता के लिए जाना जाता है. इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कलकत्ता टेक्सटाइल एजेंट्स एसोसिएशन द्वारा गत रविवार, 1 मार्च 2026 को शेक्सपियर सरणी स्थित प्रतिष्ठित 'कलाकुंज' सभागार में 'होली प्रीति सम्मेलन एवं हास्य कवि सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया. व्यापारिक व्यस्तताओं के बीच फागुन की मस्ती और आपसी सौहार्द का यह संगम देखते ही बन रहा था. कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री महेंद्र जैन (अध्यक्ष, कोट्टी), विशेष अतिथि श्री देवेंद्र कुमार बोथरा (सचिव, कोट्टी) और दैनिक युवा शक्ति के प्रधान संपादक श्री सुधांशु शेखर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री आनंद कुमार झुनझुनवाला, सचिव श्री ललित सिंघी और कोषाध्यक्ष श्री नारायण दास मेहता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए टेक्सटाइल जगत की एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने पर बल दिया. हास्य कवि सम्मेलन के मंच पर जब देश के ख्यातिलब्ध कवियों ने मोर्चा संभाला, तो पूरा सभागार ठहाकों से गूँज उठा. आमंत्रित हास्य कवि श्री रासबिहारी गौड़ ने अपनी विशिष्ट शैली में व्यंग्य के बाण छोड़े. सरदार मनजीत सिंह ने लतीफों और चुलबुली कविताओं से सबको लोटपोट कर दिया. श्री चेतन चर्चित ने समसामयिक विषयों पर हास्य के पुट के साथ श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा.







**विरासत और व्यापार का अनूठा मेलः** कोलकाता की तासीर रही है कि यहाँ व्यापार केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि संबंधों की एक मधुर विरासत है. रंगों के इस महापर्व पर आयोजित इस सम्मेलन ने यह सिद्ध कर दिया कि टेक्सटाइल एजेंट समाज न केवल अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि अपनी जड़ों और लोक-कलाओं के प्रति भी उतना ही समर्पित है. मंच की गरिमा और कवियों के काव्य-कौशल ने फागुन की शाम को यादगार बना दिया. आयोजन की सफलता इस बात में रही कि व्यापारिक वर्ग के चेहरे पर तनाव की जगह हास्य की मुस्कान और 'बुरा न मानो होली है' का उल्लास साफ दिखाई दे रहा था. कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय सिंघी, सनत जैन,आशीष झुनझुनवाला, अरविंद सिंह, अजय भारती, घनश्याम बंग का विशेष सहयोग रहा

## एससी/एसटी के लिए सुरक्षित 84 विधानसभा सीट पर 60-दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम चलाएगी तृणमूल

**कोलकाताः** तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी)- बहुल 84 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं से जुड़ने के उद्देश्य से 60-दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम की घोषणा की, साथ ही भाजपा पर राज्य को धन से वंचित करने और हाशिये पर पड़े समुदायों का अपमान करने का आरोप लगाया. तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बताया कि विधानसभा चुनावों से पहले एवं होली के बाद पांच मार्च से तफसीली संलाप (विस्तृत संवाद) अभियान शुरू होगा. दो महीने तक चलने वाले इस अभियान के दौरान, तृणमूल के प्रतिनिधियों की अलग-अलग टीम विशेष वाहनों में यात्रा करके लक्षित निर्वाचन क्षेत्रों के गांवों और बूथों तक पहुंचेगी. बनर्जी ने कहा कि प्रत्येक वाहन में तीन से पांच सदस्यों वाला दल होगा, जो जमीनी स्तर पर लोगों से बातचीत करेगा और राज्य सरकार की कल्याणकारी पहलों की जानकारी देगा. पार्टी महासचिव ने कहा कि ये दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के निरंतर उत्पीड़न का पर्दाफाश भी करेंगे. बनर्जी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, आत्मसंतुष्टि की कोई गुंजाइश नहीं है. हमें आखिरी दो महीनों में पूरी ताकत से लड़ना होगा. इन 84 विधानसभा सीट की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है. उन्होंने भाजपा पर जोरदार हमला बोला और आरोप लगाया कि पार्टी ने बार-बार हाशिये पर पड़े समुदायों का अपमान किया है. अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि मतुआ समुदाय के सदस्यों को पवित्र जल ले जाने के बावजूद मंदिर परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया गया था. बनर्जी ने यह भी दावा किया कि भाजपा बी.आर. आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में संशोधन करके अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण को समाप्त करने का इरादा रखती है, जबकि उस समय यह आरक्षण केवल 240 सदस्यों तक ही सीमित था. तृणमूल नेता ने केंद्र पर पश्चिम बंगाल की वित्तीय नाकेबंदी करने का भी आरोप लगाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी कि वह साबित करें कि केंद्र सरकार ने पिछले पांच वर्षों में राज्य में ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम जैसी योजनाओं के लिए कोई धनराशि जारी की है. उन्होंने दावा किया कि केंद्र ने राज्य से लगभग सात लाख करोड़ रुपये कर के रूप में एकत्र किए, जबकि बंगाल का बकाया बिहार और गुजरात जैसे अन्य राज्यों को हस्तांतरित कर दिया गया. उन्होंने कहा, मुझे दिखाइए कि क्या मोदी सरकार ने बंगाल के दो करोड़ 64 लाख 'जॉब कार्ड' धारकों को 100 दिनों के काम के लिए दस पैसे भी दिए हैं? अगर वह इसे साबित कर सकते हैं, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा. बनर्जी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने केंद्रीय सहायता के कथित रूप से बंद होने के बावजूद अपने मद से 32 लाख लाभार्थियों को घर उपलब्ध कराए हैं. उन्होंने बंगालियों की खान-पान की आदतों पर कथित टिप्पणियों को लेकर भी भाजपा नेताओं पर हमला बोला और कहा कि राज्य के लोग दिल्ली के जमींदारों को यह तय नहीं करने देंगे कि वे क्या खाएं या कैसे रहें.

## ओंकार विला में फागोत्सव : साकार हुई वृंदावन की लठमार होली साकार हुई



**कोलकाताः** होली के उपलक्ष्य में मेंडेविला गार्डन स्थित ओंकारविला में रविवार को भव्य फागोत्सव आयोजित किया गया. भागवताचार्य श्री श्रीनिवास शर्मा 'श्रीजी' के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित जन को रंग, रस और भक्ति से सराबोर हो गए. फागोत्सव में वृंदावन की प्रसिद्ध लठमार होली का ऐसा भाव-विभोर कर देने वाला दृश्य प्रस्तुत किया गया कि मानो उपस्थित लोग स्वयं ब्रजभूमि की पावन गलियों में पहुंच गए हों. राधा-कृष्ण के प्रेम, हंसी-ठिठोली और पारंपरिक लोकगीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया. ढोल, मंजीरे और होली के पारंपरिक गीतों पर लोगों ने जमकर आनंद लिया. कार्यक्रम में रामप्रताप भूत, गोपाल भूत, कृष्ण कुमार सिंघानिया, राजेश सिन्हा, रीता चौधरी, प्रदीप केडिया, रामबिलास मोदी, कालीचरण मोर, मनोहर मोर, ललित मोर, चंद्रप्रकाश मोर, राज कुंअर मोरे, दीपक-ऋचा अग्रवाल, अमित-प्राची सरावगी, संदीप-प्रीति बजाज, प्रदीप-निधि गोयल, अशोक पुरोहित, सुधांशु शेखर, संजय हरलालका, जीतेन्द्र जीतांशु सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे. समारोह के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं. रंगों, संगीत और आत्मीयता से सजी यह संध्या उपस्थित सभी लोगों के लिए अविस्मरणीय बन गई.



आपकी वेदना, हमारी संवेदना

युवा शक्ति समाचार पत्र उठावना का विज्ञापन मात्र 1500 रुपये में प्रकाशित करता है
(साइज 12x8)

सम्पर्क :
मो. : 9831572125, 9831494084
www.yuvashakti.news.com
email: yuvashakti@hotmail.com







# भक्ति के रंग में रंगा शहर: भव्य 'श्री श्याम फागुन महोत्सव' में उमड़ा जनसैलाब

## निशान यात्रा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़, 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गूँजा इलाका

## फूलों की होली और भजनों की अमृत वर्षा ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

**युवा शक्ति न्यूज़**

**कोलकाता:** श्री श्याम बाबा के अनन्य भक्तों द्वारा आयोजित प्रथम वार्षिक दिवस एवं फागुन मेला उत्सव 27 फरवरी, शुक्रवार को अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर आयोजित 'श्री श्याम फागुन महोत्सव' में भक्तों का भारी सैलाब उमड़ा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा. सुबह से लेकर देर रात तक चले इस उत्सव में चारों ओर केवल बाबा के जयकारे ही सुनाई दे रहे थे.निशान यात्रा: श्रद्धा का विहंगम दृश्य:उत्सव की भव्य शुरुआत शुक्रवार सुबह सिल्वर स्प्रिंग कॉम्प्लेक्स से हुई, जहाँ से एक विशाल निशान यात्रा निकाली गई. हाथों में बाबा का पावन निशान (ध्वजा) थामे भक्त नाचते-गाते प्रगति मैदान स्थित श्री श्याम मन्दिर (बाईपास साइंस सिटी के विपरीत) पहुँचे. इस दौरान बाबा का सुसज्जित रथ और मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं. रास्ते भर आम जनमानस ने भी पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया.

फूलों की होली और भजनों की अमृत वर्षा: संध्या काल में कार्यक्रम ने और भी भव्य रूप ले लिया. शाम से ही बाबा के दरबार में भजन-कीर्तन का मंगलमय आयोजन शुरू हुआ, जिसमें सुप्रसिद्ध गायकों ने अपनी सुमधुर



आवाज में बाबा की महिमा का गुणगान किया. महोत्सव का मुख्य आकर्षण 'फूलों की होली' रही. फागुन के इस पावन महीने में भक्तों ने एक-दूसरे पर और बाबा के विग्रह पर पुष्प वर्षा कर होली का आनंद लिया.

महाप्रसाद के साथ समापन: कार्यक्रम के अंत में बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसके दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं. इसके पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया. आयोजक विक्की राज सिकरिया, मोहित सिकरिया एवं उनकी पूरी टीम के कुशल प्रबंधन के कारण यह विशाल आयोजन निर्विघ्न और अत्यंत भव्य तरीके से संपन्न हुआ. स्थानीय भक्तों ने भक्ति और आनंद के इस अनूठे संगम की सराहना की.




















BENGAL ENERGY
BENGAL ENERGY LIMITED
SKIPPER Limited
SHREE KRISHNA TRADERS
baazar
UTKARSH PIPES & FITTINGS
गजानन्द बिड़दीका
delica DECORATIVE PANELS SPPL SAI PLY PVT LTD
UltraMax 500
550D TMT BAR
ULTRA SHAKTI!! MAXIMUM MAZBOOTI!!

# बंगाल में भाजपा सरकार बनने के एक माह के भीतर अपराधी जेल में होंगे: राजनाथ सिंह



**हावड़ाः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के एक महीने के भीतर अपराधी जेल में होंगे या भगवान जाने कहां. उन्होंने, हालांकि कहा कि बंगाल में बेरोजगारी समाप्त करने में लगभग पांच से 10 साल लगेंगे.
सिंह हावड़ा जिले के आमता में आयोजित परिवर्तन यात्रा रैली को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, बंगाल में भाजपा सरकार बनने के एक महीने के भीतर, अपराधी या तो जेल में होंगे, या भगवान जाने कहां. उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल में भाजपा सरकार युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगी. सिंह ने कहा, यहां बेरोजगारी की समस्या को समाप्त करने में हमें पांच से 10 साल लगेंगे.उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में लोगों को विभाजित कर रही है. उन्होंने कहा, भाजपा केवल सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि समाज सुधारने के लिए राजनीति करती है, जबकि तृणमूल राज्य के लोगों को विभाजित कर रही है. उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा, राज्य में अपराध में लिप्त लोगों को सजा क्यों नहीं दी जाती ? आप 15 साल से सरकार चला रही हैं, पश्चिम बंगाल में गरीबी क्यों नहीं मिटाई गई और महिलाएं सुरक्षित क्यों महसूस नहीं करतीं ?
बनर्जी पर अपराधियों को तरजीह देने का आरोप लगाते हुए सिंह ने कहा, उनका (ममता का) स्नेह अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और एक विशेष धर्म के लोगों के लिए है. उन्होंने यह भी कहा कि अपराधियों का अब यह मानना है कि उनकी (बनर्जी की) सरकार में उनका कोई नुकसान नहीं होगा.सिंह ने दावा किया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं पर अत्याचार की सबसे अधिक घटनाएं बंगाल में होती हैं. उन्होंने आरोप लगाया, बंगाल में कानून तोड़ने वाले ही हावी हैं, कानून नहीं. रक्षा मंत्री ने कहा कि बंगाल में बदलाव का समय आ गया है. इसके साथ ही उन्होंने बंगाल के लोगों से अपील की कि इस बार चुनाव में (भाजपा के पक्ष में) किसी भी तरह की हिचकिचाहट न करें. उन्होंने कहा, बंगाल की धरती साफ-साफ संदेश दे रही है कि तृणमूल की अत्याचारों की कहानी अब राज्य में जारी नहीं रह सकेगी.केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि महिलाओं के प्रति हिंसा और अत्याचार का भय व्यापक रूप से फैला हुआ है. उन्होंने कहा, यदि कोई भी व्यक्ति (इस) राज्य की महिलाओं को नुकसान पहुंचाने की हिम्मत करता है, तो उसे भाजपा सरकार सबक सिखाएगी. सिंह ने कहा, राज्य की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि लोग डरते हैं और महिलाएं घर से बाहर निकलने से पहले दो बार सोचती हैं. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के सभी हिस्सों में भ्रष्टाचार व्याप्त है और राज्यभर के लोग इसके बारे में शिकायत कर रहे हैं. उन्होंने कहा, लेकिन अब लोग आश्वस्त हैं कि ममता बनर्जी की सरकार जा रही है और भाजपा सत्ता में आ रही है.सिंह ने दावा किया कि जैसे ही राज्य में भाजपा सरकार बनेगी, बंगाल में अप्रत्याशित विकास और प्रगति देखी जाएगी. उन्होंने कहा, बंगाल के लोग असली बदलाव चाहते हैं, जहां अच्छी शासन व्यवस्था, विकास और सुरक्षा हो.

## चापदानी नगरपालिका क्षेत्र के बाल उद्यान का जीर्णोद्धार



**चापदानी :** 2 मार्च, सोमवार को स्थानीय विधायक अरिंदम गुइन और चापदानी नगरपालिका के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने चापदानी नगरपालिका के वार्ड नंबर दो में बच्चों के उद्यान के जीर्णोद्धार और मिनी लाइट टावर का उद्घाटन किया. विधायक निधि के पैसे से ही एलईडी लाइट लगा है और बाल उद्यान का जीर्णोद्धार हुआ. इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, वार्ड नंबर दो के पार्षद रमेश साव, वार्ड नंबर 13 की पार्षद श्रीमती शर्मिष्ठा मिश्रा, वार्ड नंबर 19 के पार्षद सूरज कुमार गुप्ता, प्रसिद्ध समाजसेवी राजू जायसवाल, समाजसेवी राहुल रॉय, विशाल जायसवाल और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे.

## श्रीरामपुर के राधा बल्लभ मंदिर में दोल पूर्णिमा उत्सव मना



**श्रीरामपुर** : 2 मार्च. दोल पूर्णिमा के मौके पर श्रीरामपुर के राधा बल्लभ जीउर मंदिर में दोल उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ. यह रंगीन उत्सव तीन दिनों तक चला, जिसमें शुरुआती दौर में श्री राधा बल्लभ जीउ को कंधों पर लेकर एक जुलूस निकाला गया, जिसमें दूर-दूर से भक्त और स्थानीय लोग इस जुलूस में शामिल हुए. फिर मूर्ति को मंदिर के गर्भगृह में वापस लाया गया. इस अवसर पर नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें ज़ी बांग्ला के सारेगामापा के कलाकार और इलाके के दूसरे कलाकार मौजूद थे. पदावली कीर्तन और 'श्री रामकृष्ण परमहंस देव' नाटक का मंचन किया गया. इस मौके पर विधायक डॉ. सुदीप्त रॉय, सांसद कल्याण बनर्जी, श्रीरामपुर म्युनिसिपल चीफ गिरिधारी साहा और वार्ड पार्षदों के साथ दूसरे मुख्य मेहमान श्रीरामपुर राधा बल्लभ जी के मंदिर में मौजूद थे. श्रीरामपुर राधा बल्लभ जिउर मंदिर के चीफ प्रेसिडेंट प्रदोष चक्रवर्ती ने कहा कि हमारे लगभग 600 साल पुराने राधा बल्लभ जिउर मंदिर में भगवान इस उत्सव के मौके पर सभी भक्तों को अपने दर्शन देते हैं और हर कोई उनके पैर छू सकता है और उन्हें अबीर चढ़ा सकता है.

## आग लगाने से स्टेशनरी दुकान जलकर राख

**जलपाईगुड़ी** : शहर के चार नंबर घुमटी इलाके में सोमवार सुबह भयावह अग्निकांड की घटना सामने आई. आग लगने से एक स्टेशनरी दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई. हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई. हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह बंद दुकान के अंदर से अचानक काला धुआं निकलता दिखाई दिया. आसपास के निवासियों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी. खबर मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया. काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया.प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है.दुकान मालिक का कहना है कि आग में दुकान का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया. उनके मुताबिक, इस हादसे में दस लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है.पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के सटीक कारणों की जांच में जुट गई है.

## गुवाहाटी एक्सप्रेस से तीन बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार



**मालदह** : अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में बांग्लादेश की तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है. सोमवार को गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस ट्रेन से रेल पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया. पूछताछ के दौरान पुलिस ने पुष्टि की कि तीनों महिलाएं बांग्लादेश की नागरिक हैं और उनके पास भारत में प्रवेश के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे. इसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया.
पुलिस और रेल सूत्रों के अनुसार, मयमनसिंह जिले की रहने वाली इन तीनों महिलाओं ने एक दलाल की मदद से बिना वैध कागजात के असम-बांग्लादेश सीमा के रास्ते भारत में प्रवेश किया था. इसके बाद दलाल के माध्यम से कर्नाटक जाने की व्यवस्था की गई. सोमवार को वे एनजेपी (न्यू जलपाईगुड़ी) से गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस में सवार हुई थीं.मालदा स्टेशन पर रेल पुलिस द्वारा विभिन्न डिब्बों में नियमित तलाशी और निगरानी की जा रही थी. तीनों महिलाएं जनरल कोच में यात्रा कर रही थीं. संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने उनसे पूछताछ की, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश की नागरिक हैं और बिना वैध दस्तावेज के भारत में दाखिल हुई हैं. उन्होंने बताया कि वे सिलेट सीमा पार कर भारत में आई थीं और रोजगार की तलाश में बेंगलुरु जा रही थीं.रेल पुलिस ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है. साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि किन दलालों की मदद से उन्होंने अवैध रूप से सीमा पार की और भारत में प्रवेश किया.

## बीरभूम रैली में अनुब्रत मंडल ने भाजपा पर साधा निशाना



**बीरभूम** : विधानसभा चुनाव की आहट के बीच बीरभूम जिले में रविवार को तृणमूल कांग्रेस की ओर से आयोजित जनसभा में पार्टी नेता अनुब्रत मंडल ने भाजपा और केंद्रीय बलों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने स्पष्ट कहा कि केंद्रीय बलों के जरिए उन्हें किसी भी प्रकार से रोका नहीं जा सकेगा.जनसभा को संबोधित करते हुए मंडल ने कहा कि पिछले चुनाव में भी उन्हें नजरबंद करने की कोशिश की गई थी, लेकिन उसका कोई परिणाम नहीं निकला. उन्होंने कहा कि केंद्रीय बल घर-घर तैनात कर दें. हर बार मुझे नजरबंद करते हैं. कर पाए क्या ? इस बार भी नहीं कर पाएंगे. मेरा जो काम है, मैं वही करूंगा. शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो, इस पर नजर रखूंगा.सभा में एसआईआर मुद्दे पर भी उन्होंने भाजपा को घेरा. मंडल ने कहा कि ममता बनर्जी ने एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई लड़ी है. वे सोच रहे थे कि दो करोड़ मुसलमानों के नाम हटा देंगे. उन्होंने क्या गलती की है ?उन्होंने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने की कोशिश की गई है. यहां तक कि मृत व्यक्तियों के नाम भी विलोपन सूची में शामिल किए गए हैं.
मंडल ने कहा कि बिना नोटिस दिए नाम हटाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन तृणमूल कार्यकर्ता सतर्क हैं और किसी का नाम मनमाने ढंग से हटाने नहीं दिया जाएगा.इस दौरान बीरभूम के हासने क्षेत्र से भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर भी उन्होंने कटाक्ष किया. मंडल ने कहा कि पागल क्या नहीं कहता, बकरा क्या नहीं खाता.उन्होंने दावा किया कि हासने विधानसभा क्षेत्र में इस बार तृणमूल कांग्रेस 40 से 45 हजार मतों से जीत दर्ज करेगी और विपक्ष को खुली चुनौती दी.

## दो ट्रकों से 29,100 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद, तीन गिरफ्तार

**मालदा** : जिले की गाजोल थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो ट्रकों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है. पुलिस के अनुसार, यह गाजोल थाना के इतिहास में एक ही अभियान में अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है. मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दोनों ट्रकों को भी जब्त कर लिया गया है.
पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान इब्राहिम शेख (31), हसीबुल शेख (34) और सूर्यकांत कर्मकार (26) के रूप में हुई है.प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे हावड़ा के एक गोदाम से यह कफ सिरप लेकर बिहार जा रहे थे. उनकी योजना डालखोला और पूर्णिया मोड़ के रास्ते बिहार में प्रवेश करने की थी. सोमवार को आरोपितों को मालदा जिला अदालत में पेश किया गया. पुलिस ने इस तस्करी गिरोह की जड़ तक पहुंचने और हावड़ा के संबंधित गोदाम का पता लगाने के लिए दस दिन की पुलिस हिरासत में लिया है.मिली जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस 12 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल प्लाजा के पास घात लगाकर बैठी थी. दो संदिग्ध ट्रकों को रोककर जब चालक और खलासियों से पूछताछ की गई तो उनके बयान में विरोधाभास पाया गया. इसके बाद थाना प्रभारी कौशिक बनर्जी और बीडीओ बिप्लब कुमार विश्वास (मजिस्ट्रेट के रूप में) की मौजूदगी में ट्रकों की तलाशी ली गई.तलाशी के दौरान ट्रकों के अंदर पेटियों में रखी कुल 29,100 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद हुई. इनमें से एक ट्रक से 14,250 बोतल और दूसरे से 14,850 बोतलें मिली.उल्लेखनीय है कि इससे पहले गाजोल क्षेत्र से अधिकतम 21 हजार बोतल कफ सिरप बरामद हुआ था. ऐसे में 29,100 बोतलों की यह बरामदगी पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है.

## मनाया गया 'बसंत उत्सव', अबीर और नृत्य से सजा आनंदनगर

**हावड़ा :** विश्वभारती, शांतिनिकेतन की समृद्ध परंपरा की झलक आज हावड़ा के निश्चिंदा इलाके में देखने को मिली. आनंदनगर पश्चिम शांतिनगर में सोमवार सुबह हर्षोल्लास के साथ 'बसंत उत्सव' का आयोजन किया गया.यहाँ से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नाचते-गाते हुए बाली घोषपाड़ा सार्वजनिन दुर्गोत्सव समिति के मैदान तक पहुँची.शांतिनिकेतन की शैली में आयोजित इस उत्सव में कलाकार और स्थानीय निवासी पीले वस्त्रों में सजे नज़र आए. रवींद्र संगीत की धुनों पर नृत्य करते हुए प्रतिभागियों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया.

## दिनहाटा हादसा : राज्य सरकार ने दो-दो लाख मुआवजा और नौकरी का किया ऐलान

**कूचबिहार** : जिले के दिनहाटा में पत्थर तोड़ने वाली फैक्ट्री में करंट लगने से पांच मजदूरों की दर्दनाक मौत के बाद राज्य सरकार सक्रिय हो गई है. घटना के कुछ ही घंटों के भीतर मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक मुआवजे और नौकरी की घोषणा की गई.रविवार रात दिनहाटा महकमा अस्पताल पहुंचकर उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा और जिलाधिकारी राजू मिश्रा ने शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया था.मंत्री उदयन गुहा ने बताया कि घटना की जानकारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दे दी गई है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर मृत प्रत्येक मजदूर के परिवार को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गई है.मंत्री ने कहा, यह क्षति अपूरणीय है, लेकिन सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है.उल्लेखनीय है कि रविवार शाम दिनहाटा के विलेज-2 ग्राम पंचायत अंतर्गत गड़गुड़ा इलाके में पत्थर तोड़ने के काम के दौरान ढलाई मशीन 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई. करंट लगते ही

## न्यूज कॉर्नर

### आरामबाग: चुनाव से पहले सुरक्षा चाक-चौबंद, केंद्रीय बलों का 'रूट मार्च'

**हुगली** : आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने और मतदाताओं के मन से भय दूर करने के लिए सोमवार को आरामबाग शहर में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने जोरदार रूट मार्च किया. सुबह से ही केंद्रीय जवानों की पदचाप से शहर की सड़कें सुरक्षा के संदेश से गूंज उठीं.पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह रूट मार्च शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण और भीड़भाड़ वाले इलाकों में चलाया गया. जवानों ने शहर की मुख्य सड़कों, व्यस्त बाजार क्षेत्रों और विशेष रूप से संवेदनशील माने जाने वाले वार्डों का दौरा किया.इस मार्च का नेतृत्व स्वयं आरामबाग के एसडीपीओ सुप्रभात चक्रवर्ती और आरामबाग थाने के आईसी राकेश सिंह ने किया. अधिकारियों ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया.रूट मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद किया. प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई कि:वे किसी भी प्रकार की अफवाह या उत्तेजना पर ध्यान न दें.निडर होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनें.किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दें.एसडीपीओ सुप्रभात चक्रवर्ती ने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है. उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त रूट मार्च आयोजित किए जाएंगे.शहर के निवासियों ने पुलिस और केंद्रीय बलों की इस सक्रियता का स्वागत किया है. स्थानीय लोगों का मानना है कि जवानों की मौजूदगी से इलाके में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण तैयार हुआ है.

### पूर्व पंचायत प्रधान के तालाब से दो टोटो बरामद हुआ

**कूचबिहार** : जिले के मेखलीगंज के वोटबाड़ी इलाके में सोमवार को एक पूर्व पंचायत प्रधान के तालाब से रहस्यमय तरीके से दो टोटो (ई-रिक्शा) बरामद किए गए. घटना के बाद इलाके में भारी भीड़ जुट गई.जानकारी के अनुसार, वोटबाड़ी के पूर्व प्रधान मृत्युंजय सिंह सरकार के तालाब में पानी के नीचे इन दोनों टोटो का पता चला.मृत्युंजय सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से तालाब में कुछ तैरता हुआ नजर आ रहा था. दूर से देखने पर लगा कि किसी ने प्लास्टिक या तिरपाल फेंक दिया है. सोमवार सुबह एक व्यक्ति जब उस प्लास्टिक को हटाने के लिए तालाब में उतरा तब पता चला कि वह टोटो की छत है. जांच करने पर पानी के भीतर पूरा टोटो डूबा मिला. थोड़ी और तलाश करने पर उसके पास ही एक और टोटो भी मिला.सूचना पाकर मेखलीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. पूर्व प्रधान का अनुमान है कि कुछ अज्ञात लोगों ने कई दिन पहले टोटो को तालाब में डुबोकर फरार हो गए.सवाल उठ रहा है कि क्या ये टोटो चोरी के थे ? क्या किसी आपराधिक वारदात के बाद सबूत मिटाने के लिए इन्हें पानी में छिपाया गया था ?पुलिस स्थानीय लोगों और क्रेन की मदद से दोनों टोटो को तालाब से बाहर निकाला. टोटो की नंबर प्लेट और इंजन नंबर की जांच कर मालिक का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. पुलिस को आशंका है कि इस मामले में किसी बड़े चोरी गिरोह का हाथ हो सकता है.

### एसआईआर प्रक्रिया को लेकर वाम का प्रदर्शन

**सिलीगुड़ी** : विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में कथित रूप से वैध मतदाताओं के नाम हटाए जाने के विरोध में वामपंथियों ने सोमवार को सिलीगुड़ी में जोरदार प्रदर्शन किया.प्रदर्शनकारियों ने सिलीगुड़ी महकमा जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर करीब 20 मिनट तक मुख्य सड़क जाम रखा. बाद में प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के बाद अवरोध हटा लिया गया.प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कई वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए है. वहीं, दस्तावेज जमा करने में आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.वाम पार्षद सर्देंदु चक्रवर्ती ने कहा कि जिन लोगों के नाम एसआईआर प्रक्रिया में रोके गए है, यह एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है. चुनाव आयोग को इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए और किसी राजनीतिक दबाव में निर्णय नहीं लेना चाहिए.उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सिलीगुड़ी की गौरव और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य ऋचा घोष का नाम भी 'विचाराधीन' रखा गया है. उन्होंने कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी का नाम इस तरह लंबित रहना समझ से परे है.

## केशपुर: चुनाव की तारीखों के एलान से पहले ही पहुँची केंद्रीय वाहिनी

**पश्चिम मेदिनीपुर** : पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों की सरगर्मी के बीच सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की कवायद शुरू हो गई है. चुनाव आयोग द्वारा तारीखों के औपचारिक एलानसे पहले ही सोमवार को केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की एक टुकड़ी पश्चिम मेदिनीपुर जिले के संवेदनशील इलाके केशपुर में दाखिल हो गई.सोमवार दोपहर करीब 1 बजे केंद्रीय वाहिनी की एक कंपनी केशपुर ब्लॉक स्थित किशन मंडी पहुँची. वहां केशपुर थाने के प्रभारी पुलिस अधिकारी ने जवानों का स्वागत किया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, जवानों के ठहरने की व्यवस्था फिलहाल किशन मंडी में ही की गई है.

## जलपाईगुड़ी के राजगंज ब्लॉक में केंद्रीय बलों ने किया रूट मार्च



**जलपाईगुड़ी:** पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था लगातार कड़ी की जा रही है. इसी क्रम में जिले के राजगंज विधानसभा क्षेत्र के आमबाड़ी इलाके में केंद्रीय सुरक्षा बलों ने सोमवार को फ्लैग मार्च (रूट मार्च) किया. प्रशासन के अनुसार, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है.सोमवार को केंद्रीय बलों के जवानों ने आमबाड़ी के बिजनेस कॉलोनी, सुदामगंज, वोटपाड़ा और साहेबपाड़ा सहित कई संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया. इस दौरान स्थानीय थाना पुलिस भी उनके साथ मौजूद रही.
रूट मार्च में भोरर आलो थाना के प्रभारी अधिकारी (ओसी) और अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे. जवानों और पुलिस अधिकारियों ने इलाके में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें भरोसा दिलाया कि चुनाव के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे.प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आएगी, वैसे-वैसे संवेदनशील इलाकों में निगरानी और गश्त और बढ़ाई जाएगी, ताकि मतदाता बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें.गौरतलब है कि चुनावी माहौल में सुरक्षा बलों की सक्रियता को मतदाताओं में विश्वास बहाली और किसी भी प्रकार की अवांछित घटना को रोकने के लिए अहम माना जा रहा है.

## ईरान-इजरायल युद्ध की आंच अब रामनगर तक: दुबई में मिसाइल हमलों के बीच फंसा पूर्व मेदिनीपुर का बेटा



**पूर्व मेदिनीपुर :** पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच छिड़ी भीषण जंग का खौफ अब बंगाल के सुदूर गांवों तक पहुँच गया है. पूर्व मेदिनीपुर जिले के रामन थाना अंतर्गत दुबलाबाड़ी इलाके का एक परिवार पिछले कुछ दिनों से दहशत के साये में जी रहा है. परिवार का इकलौता बेटा, तनय बेरा, जो महज पिछले मंगलवार को ही सुनहरे भविष्य के सपने लेकर दुबई गया था, अब वहां मिसाइल हमलों और धमाकों के बीच फंस गया है.
तनय बेरा के पिता चित्तरंजन बेरा ने भर्राई आवाज में बताया कि दुबई में मिसाइल हमलों के बाद से उनका बेटा पूरी तरह से घर में कैद (नजरबंद) हो गया है. उन्होंने कहा:बेटे से बमुश्किल बात हो पा रही है. कभी फोन लगता है, तो कभी लाइन कट जाती है. तनय ने बताया कि उसे बार-बार कान फाड़ने वाले धमाकों की आवाजें सुनाई दे रही हैं, जो शायद मिसाइल गिरने की हैं. वह बहुत डरा हुआ है.परिवार ने बताया कि तनय घर वापस आना चाहता है, लेकिन युद्ध की स्थिति के कारण विमान सेवाएं बाधित हैं और टिकट नहीं मिल रहे हैं. घर वापसी का फिलहाल कोई दूसरा विकल्प नजर नहीं आ रहा है. मां पुष्पांजलि बे की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं. वह बस यही रट लगाए हुए हैं कि उनका बेटा किसी भी तरह सही-सलामत वापस आ जाए.
तनय के परिवार की स्थिति को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि लगातार उनके घर जाकर ढांढस बंधा रहे हैं. जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया है कि वे भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं और तनय की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं.
मुख्य बिंदु:पीड़ित: तनय बेरा (दुबलाबाड़ी, रामनगर का निवासी).स्थिति: दुबई में मिसाइल हमलों के कारण फंसे हुए हैं.परेशानी: हवाई टिकटों की अनुपलब्धता और संचार में बाधा.अपील: परिवार ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है.

## कुल्टी थाना क्षेत्र में केंद्रीय बलों ने किया रूट मार्च



**आसनसोल :** विधानसभा चुनाव की तारीख अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन केंद्रीय बल पहले ही राज्य में पहुंचने शुरू हो गए हैं. सोमवार तक केंद्रीय बलों की सात कंपनियां एडीपीसी यानी आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट इलाके में आईं.बताया गया है कि चुनाव को स्वतंत्र और शांतिपूर्ण कराने के लिए तारीख की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बल राज्य में पहुंच गए हैं. इस दिन विभिन्न थाना क्षेत्र में केंद्रीय बलों की कंपनी पहुंची.केंद्रीय सेना के जवानों ने कुल्टी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रूट मार्च किया. आसनसोल दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय के विभिन्न पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी केंद्रीय बलों के साथ थे. केंद्रीय बल गश्त भी की और स्थानीय लोगों से बातचीत भी किया. केंद्रीय बलों ने आम जनता को आश्वासन दिया कि चुनाव प्रक्रिया सुचारू होगी और उन्हें अपने तरीके से मतदान के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए.स्थानीय निवासी इस बात से खुश हैं कि केंद्रीय बल मतदान से काफी पहले आ गए. कुल्टी के अलावा आसनसोल, सालानपुर, रानीगंज, जमुरिया, पांडबेश्वर इलाके में केंद्रीय बल रूट मार्च करेंगे. पश्चिम बर्दवान जिला प्रशासन और आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में जरूरत के मुताबिक और केंद्रीय बल आसनसोल आएंगे.

## न्यूज कॉर्नर

### फतेहपुर शेखावाटी प्रगति संघ का होली प्रीति मिलन




**कोलकाता :** फतेहपुर शेखावाटी प्रगति संघ के होली प्रीति मिलन समारोह में उद्घाटनकर्ता समाजसेवी लक्ष्मी नारायण गोयनका, समारोह अध्यक्ष सुबोध बाजोरिया, प्रमुख अतिथि शरद केडिया का स्वागत संस्था के अध्यक्ष कमल सराफ, निवर्तमान अध्यक्ष अजय सराफ, सचिव काशी प्रसाद धेलिया, सुशील शर्मा, राजेश डांडनिया, ब्रह्मदत्त बरवाडिया, प्रदीप चौधरी, श्रीमोहन चौधरी एवम् सदस्यों ने परस्पर एक - दूसरे को होली की शुभकामना दी . राधाश्री चंग एवम् डप्प धमाल की प्रस्तुति में कलाकारों ने भाव विभोर किया . दामोदर प्रसाद विदावतका, मनोज धेलिया, सम्पत सिंघानिया, बिमल भौतिका, राजेश गोयनका, मनोज गोयनका, मनोज चमड़िया, संजय शर्मा, पंकज देवड़ा, प्रकाश गोयनका, रामगोपाल सराफ, रामावतार शर्मा, पवन बजाज एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे . संचालन ब्रह्मदत्त बरवाडिया एवम् धन्यवाद ज्ञापन दामोदर प्रसाद विदावतका ने किया .

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का रक्तदान शिविर

**जमशेदपुर:** तीन मार्च को सुनिश्चित जेएन टाटा साहब के प्रतिमा के अनावरण एवं विशाल रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के गोपेश्वर हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में आगंतुक अतिथियों के स्वागत, रक्तदाताओं के सुविधाओं, भोजन, पार्किंग आदि के प्रबंध पर गहन विचार-विमर्श किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करें ताकि यह वृहद आयोजन सफल हो. उन्होंने तैयारियों के समीक्षा के उपरांत बारी-बारी से सबों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि हमारे लिए रक्तदाता महत्वपूर्ण है. उनके सुविधाओं का पूरा ख्याल रखना है. अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि कल का दिन महत्वपूर्ण है. सबों को मिलकर रक्तदान शिविर को सफल बनाना है. बैठक में तमाम ऑफिस बेयरर, कमेटी मेंबर, आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य मौजूद थे. बैठक का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन एमके सिंह ने किया. यूनियन की अनूठी पहल, टाटा साहब को दस हजार दीप जलाकर श्रद्धांजलि देने की अनूठी पहल की गई है. टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन संस्थापक दिवस को यादगार बनाने के लिए अनूठी पहल की है.

### होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

**साहिबगंज :** सोमवार को झरना कॉलोनी स्थित दुर्गा स्थान परिसर में



भाजपा नेता प्रेमलाल मंडल उर्फ मंटा मंडल के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया. इस अवसर पर कई रेलकर्मचारी एवं जिले के भाजपा के नेतागण,सामाजिक कार्यकर्ता ओर इमलीटोला झरना कॉलोनी के सभी महिलागण,पत्रकार उपस्थित रहे सबों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. इस दौरान भाईचारे सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया. दुर्गा मंदिर परिसर में अबीर गुलाल और होली के रंगों से सरोवर नजर आया जिससे माहौल पूरी तरह रंगमय हो गया, वही मशहूर गायक जय प्रकाश सिंह एवं सुप्रिया सिंह जो भागलपुर निवासी ने पारंपरिक होली गीत और फाग गाकर वहां के लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया.वहीं भाजपा नेता प्रेमलाल मंडल उर्फ मंटा मंडल ने कहा कि होली प्रेम भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है एकता और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं बल्कि प्रेम सद्भावना और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला उत्सव है सभी से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने के अपील भी की. अंत में लजीज भोजन की भी व्यवस्था की गई थी . मौके पर मौजूद बीनू मंडल,मिक्की सिन्हा,अतुल सिन्हा,नीरज राय,भाजपा नेता रामानंद साह,संजय पटेल,आनंद सिन्हा,कुणाल किशोर,अशोक सिन्हा,सुनील सिन्हा,आकाश तिवारी, पंकज सिन्हा,अरविंद सिन्हा,कुणाल किशोर राय,पत्रकार अरविंद ठाकुर,नवीन कुमार पासवान,प्रमोद पासवान,गोपाल श्रीवास्तव,रंजन कुमार पासवान,सन्नी कुमार सिन्हा,निर्भय ओझा,रामलाल,शिवलाल ,बाबूलाल,अमन साह,अशोक ठाकुर,मनीष सिंह,सुधांशु ,दीपक राम,राजू दुबे,कन्हैया पासवान,सन्नी पासवान,विकास सिंह,अजीत सिंह,पवन सिंह,बदल,बबलू,वार्ड पार्षद 15 अमृता कुमारी,पूर्व पार्षद मंजूषा देवी,रूपा कुमारी,वीणा देवी,पूजा कुमारी,पूनम कुमारी,मुकेश सिंह,अलका देवी,चांदनी देवी,ओर महिला लोग मौजूद थे.

### 'शिव आज भी गुरु हैं' का संदेश महिलाओं की शिव चर्चा से भक्तिमय हुआ वातावरण

**साहिबगंज :** सोमवार को राम जानकी ठाकुर बाड़ी में महिलाओं द्वारा भव्य



शिव चर्चा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं शामिल हुईं और पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भगवान शिव की आराधना की.शिव आज भी गुरु हैं विषय पर विशेष चर्चा की गई. वक्ताओं ने कहा कि यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक विश्वास है. शिव चर्चा का मूल उद्देश्य भगवान शिव को अपना गुरु मानकर उनसे जीवन के लिए सही मार्गदर्शन प्राप्त करना है.महिलाओं ने महादेव के आदर्शों, उनके त्याग, करुणा और धैर्य जैसे गुणों पर प्रकाश डाला. भजन-कीर्तन और सामूहिक चर्चा के माध्यम से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा. कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि ऐसी आध्यात्मिक संगति से मन को शांति, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है.आयोजन का मुख्य संदेश यही रहा कि जिस प्रकार प्राचीन काल में ऋषि-मुनि भगवान शिव को अपना गुरु मानते थे, उसी प्रकार आज के समय में भी हम उन्हें अपना मार्गदर्शक बनाकर जीवन की कठिनाइयों को पार कर सकते हैं. महिलाओं की सामूहिक भक्ति और शिव चर्चा से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया.

### जिला कांग्रेस कमेटी जल्द आयोजित करेगी इफ्तार पार्टी

**पाकुड़:** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री कुमार सरकार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव जनाब डॉ. तनवीर आलम जी विशेष रूप से उपस्थित रहे.बैठक में सभी जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों के साथ आगामी दिनांक 5 मार्च 2026, गुरुवार को आयोजित होने वाली इफ्तार पार्टी को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया. सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु सक्रिय सहयोग, समन्वय एवं सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई.

# भाईचारे के साथ मनाए होली, शांति भंग की तो होगी करवाई, होली पर पुलिस की पैनी नजर

**पाकुड़:**होली पर्व के मद्देनज़र उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि द्विवेदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई. बैठक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को विधि- व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.उपायुक्त ने कहा कि होली पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा गया. किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित राहत उपलब्ध कराने हेतु अग्निशमन दस्ता एवं एम्बुलेंस सेवा को अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया गया. उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी समय पर अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहें तथा कंट्रोल रूम को पूर्ण रूप से सक्रिय रखा जाए.उन्होंने प्रातःकालीन कार्यक्रमों के दौरान



फायर ब्रिगेड को रेडी मोड में रखने तथा ग्रहण के कारण मंदिरों में विशेष पूजा के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए. उपायुक्त ने संवेदनशील एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों की ड्रोन से निगरानी, अतिरिक्त बल की तैनाती, धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष सतर्कता एवं छेड़खानी जैसी घटनाओं की रोकथाम तथा खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच जारी रखने के निर्देश दिए. इसके अलाव एम्बुलेंस, चिकित्सा दल, विद्युत व्यवस्था एवं आवश्यक सेवाओं को निर्बाध रखने का निर्देश दिया गया. पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि द्विवेदी ने कहा कि सभी थाना प्रभारी एवं दंडाधिकारी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें तथा किसी भी हलचल या अप्रिय घटना की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दें. पुलिस लाइन में अतिरिक्त बल रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए.उन्होंने कहा कि होली तथा उसके पूर्व दिवस पर विशेष चौकसी बरतने बिना अनुमति किसी जुलूस या प्रदर्शन को न निकलने देने तथा आवश्यकता पड़ने पर कड़ी निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए. सोशल मीडिया की निगरानी, नियमित गश्ती, संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च तथा किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया. उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी पर जबरन रंग न डालें, शालीनता एवं सौहार्द बनाए रखें तथा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं. बैठक में सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**तालझारी :** होली को लेकर सोमवार को तालझारी थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक सीओ सह बीडीओ राम सुमन प्रसाद के अध्यक्षता व राजमहल इंस्पेक्टर राजीव रंजन के उपस्थिति में की गई. सीओ सह बीडीओ राम सुमन प्रसाद ने कहा की होली का पर्व शांति पूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाई. होली के पर्व में लोगों को जोर जबरदस्ती किसी को रंग गुलाल नहीं लगाएं .कोई भी लोग सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट नहीं करेंगे पुलिस प्रशासन की सोशल मीडिया पर पेनी नजर रहेगी. ससमय होलीका दहन करे. उन्होंने कहा कि होली के मौके पर शराब विवाद का बड़ा कारण बनता है इस पर प्रशासन विशेष ध्यान रहेगी.होली पर्व पर अश्लील गाना बजाने पर पाबंदी रहेगी अगर कोई व्यक्ति शराब पीकर अशांति फैलाने की कोशिश करता है वहीं राजमहल इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने कहा कि होली को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट में रहेगी

## होली की धूम, बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़

**पाकुड़**:होली का त्योहार नजदीक आते ही के बाजार पूरी तरह रंगों में रंग गए हैं. शहर का मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक, स्टेशन रोड और हाट परिसर इन दिनों अबीर-गुलाल से सजे नजर आ रहे हैं. जहां देखिए, वहीं रंग-बिरंगी पिचकारियां, तरह-तरह के गुब्बारे और आकर्षक पैकिंग में गुलाल की दुकानें सजी हुई हैं. पूरा शहर होली के रंग में डूबा दिखाई दे रहा है.**बच्चों और युवाओं में दिख रहा खास उत्साह** बाजार में सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों और युवाओं में देखने को मिल रहा है. बच्चे नई डिजाइन की पिचकारियों और कार्टून वाले गुब्बारों को लेकर उत्साहित हैं, तो युवा अलग-अलग शेड के गुलाल और कलर स्प्रे खरीदते नजर आ रहे हैं. दुकानदारों का कहना है कि इस बार बिक्री पिछले साल से



बेहतर चल रही है. खास बात यह है कि लोग अब केमिकल वाले रंगों से बचते हुए हर्बल और प्राकृतिक गुलाल को ज्यादा पसंद कर रहे हैं. कई दुकानों पर ऑर्गेनिक रंगों की खास मांग देखी जा रही है.**मिठाई दुकानों पर भी उमड़ रही भीड़**:होली हो और मिठाई की बात न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता. शहर की मिठाई दुकानों पर भी अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिल रही है. गुजिया, पुआ, दही-बड़ा और अन्य पारंपरिक पकवानों की खरीदारी जोरों पर है. दुकानदारों ने पहले से ही खास तैयारी कर रखी है ताकि ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी न हो. कई दुकानों में ताजी गुजिया और ड्राई फ्रूट से बनी मिठाइयों की खास मांग है.**गांवों से भी पहुंच रहे लोग**:सिर्फ शहर ही नहीं, आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए बाजार पहुंच रहे हैं. सुबह से लेकर देर शाम तक बाजार में चहल-पहल बनी रहती है.**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**:होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है. बाजार क्षेत्र में पुलिस की तैनाती की गई है और गश्ती बढ़ा दी गई है, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके.

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाई दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**पाकुड:**खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु होली पर्व के अवसर पर मिठाइयों में मिलावट की रोकथाम के लिए हिरणपुर एवं पाकुड़ शहर में विशेष जांच अभियान में कुल पंद्रह मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया. जांच के क्रम में विभिन्न दुकानों से मिठाइयों के रंग एवं गुणवत्ता की जांच की गई, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई. वहीं हिरणपुर क्षेत्र की कुछ दुकानों में साफ- सफाई की कमी तथा मिठाइयों को खुले में रखे जाने की स्थिति पाई गई, जिस पर संबंधित दुकानदारों को नोटिस देते हुए मिठाइयों को ढककर रखने एवं स्वच्छता बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया गया.निरीक्षण के दौरान मिठाई व नमकीन में हानिकारक रंगों का प्रयोग न करने तथा एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक एवं पैकेज्ड पानी की बिक्री नहीं करने की हिदायत दी गई. जांच के दौरान दो खाद्य नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए. यह अभियान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें बाजार समिति के सचिव एवं अन्य सहयोगी कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही.खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि त्यौहार के दौरान आमजन के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा मिलावटखोरी एवं खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसयूवी की बड़ी कार्रवाई

**युवाशक्ति न्यूज पटना:** रौशन कुमार, सहायक अभियंता, जिला शिक्षा परियोजना पदाधिकारी, बेतिया को 5,00,0000/- (पाँच लाख) रूपये एवं नवीनतम स्मार्ट वॉच रिश्वत के रूप में स्वीकार करते हुए विशेष निगरानी ईकाई पटना द्वारा रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया.डतण के द्वारा सोमवार दिनांक 02.03.2026 को रौशन कुमार, सहायक अभियंता,जिला शिक्षा परियोजना पदाधिकारी, बेतिया को 5,00,000/- (पाँच लाख) रूपये और स्मार्ट वॉच रिश्वत के रूप में लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है.



विशेष निगरानी इकाई के अपर पुलिस महानिदेशक, पंकज कुमार दाराद ने बताया कि परिवादी शम्श तबरेज, पिता-मो0 नुरूद्दीन मियाँ, ग्राम-रहीमपुर खड्डा, थाना-नौतन, जिला-पश्चिमी चम्पारण के द्वारा विशेष निगरानी इकाई, पटना में शिकायत दर्ज कराया गया था कि आरोपी रौशन कुमार, सहायक अभियंता, जिला शिक्षा परियोजना पदाधिकारी, बेतिया ने विभिन्न स्कूलों में शिकायतकर्ता के कम्पनी द्वारा 57,00,000/- (संतावन लाख) रूपये के कराये गये कार्यों के भुगतान के एवज में 10% कमीशन के रूप में 5,70,000/- रू0 रिश्वत की माँग की है.विशेष निगरानी इकाई द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया एवं सत्यापन के दौरान रौशन कुमार, सहायक अभियंता, जिला शिक्षा परियोजना पदाधिकारी, बेतिया द्वारा शिकायतकर्ता से कहा गया कि 7,50,000/- (सात लाख पचास हजार) रूपये और एक समार्ट वॉच रिश्वत के रूप में देना होगा.

सत्यापन के पश्चात अभियुक्त रौशन कुमार, सहायक अभियंता, जिला शिक्षा परियोजना पदाधिकारी, बेतिया के विरूद्ध विशेष निगरानी इकाई थाना कांड संख्या-09/2026 दिनांक-01.03.2026 धारा-7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) दर्ज किया गया है.

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बिन्देश्वर प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक, विशेष निगरानी इकाई, पटना के नेतृत्व में एक टीम/धावा दल का गठन किया गया और आरोपी रौशन कुमार,सहायक अभियंता, जिला शिक्षा परियोजना पदाधिकारी, बेतिया को 5,00,000/- (पाँच लाख) रूपये और एक स्मार्ट वॉच रिश्वत के रूप में स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया. अभियुक्त से पूछताछ के उपरांत इस सम्बन्ध में अग्रतर कानूनी कार्रवाई एवं अनुसंधान किया जा रहा है.

### व्याहुत समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह

**पाकुड़:** स्थानीय व्याहुत भवन परिसर में ब्याहुत संघ पाकुड़ द्वारा हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन भगवान बलभद्र के आरती पूजन से प्रारंभ किया गया. इस अवसर पर नव नियुक्त नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल, मीरा प्रवीण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही. उनका स्वागत ब्याहुत समाज द्वारा पुष्प गुच्छ देकर क्या गया. समाज के लोगों द्वारा एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. सभी ने मिलकर इस पर्व का आनंद लिया और आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया. सभी ने आपस में जलपान का आनंद उठाया. पाकुड़ व्याहुत संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार भगत एवं सचिव अशोक कुमार भगत ने संयुक्त रूप से कहा कि होली का पर्व सद्भावना, प्रेम और एकता का प्रतीक है. जो प्रत्येक वर्ष बसंत ऋतु में फाल्गुन माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है. यह त्योहार समाज में जाति, धर्म और वर्ग की दीवारों को तोड़कर एक जूता का संदेश देता है.

## मारवाड़ी सम्मेलन जुगसलाई शाखा के होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर :** मारवाड़ी सम्मेलन, जुगसलाई शाखा का रविवार की देर शाम को होली मिलन समारोह का आयोजन जुगसलाई स्थित महेश्वरी मंडल, एम.ई. स्कूल रोड में संपन्न हुआ कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियां, धमाल, ढप, गीत-नृत्य तथा अबीर-गुलाल एवं फूलों की होली खेली गयी, जो विशेष आकर्षण बना रहा. समारोह के दौरान पारंपरिक होली उत्सव के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति भी हुई. कार्यक्रम के उपरांत ठंडाई एवं रात्रि भोज का भी सबने आनन्द उठाया. कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष दिलीप काउंटिया ने की. समारोह में धर्मेंद्र केजरीवाल एवं उनकी टीम द्वारा राजस्थान फ्लेवर के आकर्षक लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई. मंच संचालन अनीश खिरवाल ने प्रभावशाली ढंग से किया. कार्यक्रम के दौरान परिषद चुनाव में हाल ही में विजयी हुए समाज जनों का सम्मान किया गया. फूलों की होली, अबीर-गुलाल के साथ सभी ने प्रेम एवं भाईचारे का संदेश दिया. राजस्थान के पारंपरिक व्यंजन एवं ठंडाई की विशेष व्यवस्था ने समारोह की शोभा बढ़ाई. इस अवसर पर संतोष छपोलिया, संदीप मुरारका, अजय भालोटिया, लिप्पू शर्मा, कमल किशोर अग्रवाल, संजय कसेरा,हेमंत गुप्ता, अनिल रिंगसिया, मंटू अग्रवाल, स्वरूप गोलछा, राजीव अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, बबलू सरस्वत, अनीश खिरवाल, राजेश गढ़वाल, कुणाल भालोटिया, प्रकाश भालोटिया, प्रदीप मित्तल, अशोक गोयल, नीरज भूत, उत्सव मित्तल, विक्की अग्रवाल (मालीराम), मनोज शर्मा, मोहित चौधरी, संतोष अग्रवाल (मालू), राजेश जैसुका, अमीष अग्रवाल, पीयूष गोयल, अश्विनी अग्रवाल, पवन नरेड़ी, मनोज गोयल, प्रकाश बजाज, दिलीप काउंटिया, पिंकू बेसन के साथ-साथ अनु मित्तल, नमिता मित्तल, पूजा संघी एवं सुनीता अग्रवाल की भी गरिमामयी उपस्थिति रही. अध्यक्ष दिलीप काउंटिया ने सभी सदस्यों, मातृशक्ति एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, संस्कृति एवं पारंपरिक मूल्यों को और मजबूत करते हैं.

## ओबीसी विचार मंच का अपने अधिकारों को लेकर एकजुट पर चर्चा

**जमशेदपुर :** भारतीय ओबीसी विचार मंच के स्थापना दिवस पर अपने अधिकारों को लेकर एकजुट होकर संघर्ष करने पर बल दिया गया. कदमा स्थित उलियान के सूर्य पथ में स्थापना दिवस मनाया गया. जिसमें लगभग सभी ओबीसी जातियों के प्रतिनिधि शामिल हुए. सभा की अध्यक्षता मंच के कार्यकारी अध्यक्ष विजय यादव ने की. संचालन मंच के महामंत्री सुजीत शर्मा ने करते हुए पुरे एक साल का विवरण प्रस्तुत किया. सर्वप्रथम मंच के सफलता पूर्वक संचालन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया. और जयघोष उद्घोषणा के साथ सभा की शुरुआत की गई. उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार रखते हुए ओबीसी के संवैधानिक अधिकारों और सुरक्षा को लेकर विचार व्यक्त किए. ओबीसी समुदाय की उपेक्षित का परंपरा को लेकर विस्तार पुर्वक विमर्श की गई. अपने अधिकारों को लेकर एकजुट होकर संघर्ष करना जरूरी बताया गया. प्रखर वक्ता शम्भु सिंह गांधी , रविन्द्र सैनी, धर्मेन्द्र वर्मा, राकेश साहु, रंजीत बास्के, चन्द्र मोहन चौधरी, मिथलेश रजक, राजकुमार, धिरेन्द्र सिंह और सभाध्यक्ष विजय यादव ने अपने वक्तव्यों से सभा को संबोधित किए और सभी को एकजुट रहने का संदेश दिए.

कहा कि ओबीसी के सभी समुदायों को संगठित कर एक बड़ा जनसभा कर सरकार तक अपनी अधिकारों की मांग करना है.

सभा में उपस्थित विनोद यादव ने अपनी बातों को रखते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया. अल्पाहार के साथ सभा की समाप्ति की गई.

# ताड़ आधारित आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी पहल



**सबौर(भागलपुर):**बीएयू सबौर को 50 किग्रा क्षमता वाली मोटर चालित ताड़ गूदा निष्कर्षक मशीन का डिज़ाइन पेटेंटकृषि प्रसंस्करण यंत्रीकरण एवं सामाजिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए (बीएयू) को मोटर चालित यांत्रिक ताड़ फल गूदा निष्कर्षक मशीन के लिए ढहश झरीशपीं जषषळलश, त्रैंशीपाशपीं ष खपवळठर से डिज़ाइन पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है.डिज़ाइन संख्या 428669-001 को डिज़ाइन्स अधिनियम, 2000 के अंतर्गत क्लास 15-03 में 14 जनवरी 2026 को पंजीकृत किया गया. यह मशीन की नवीन संरचना, मौलिकता एवं औद्योगिक उपयोगिता को औपचारिक मान्यता प्रदान करता है.इस तकनीक का विकास बीएयू के बहुविषयक वैज्ञानिकों की टीम द्वारा किया गया है.तकनीकी विशेषताएँ: दक्षता एवं क्षमता का समन्वयताड़ फल का गूदा परंपरागत रूप से हाथ से निकाला जाता रहा है, जिससे कम दक्षता, अधिक श्रम, अस्वच्छता एवं उच्च कटाई उपरांत हानि की समस्या उत्पन्न होती है.विकसित मोटर चालित मशीन प्रति बैच 50 किलोग्राम फल प्रसंस्करण की क्षमता रखती है, जिससे कम समय में अधिक गूदा निष्कर्षण संभव होता है. मशीन की प्रमुख विशेषताएँ:न्यूनतम श्रम के साथ तीव्र गूदा निष्कर्षण प्रति बैच 50 किलोग्राम प्रसंस्करण क्षमतागूदा पुनर्प्राप्ति प्रतिशत में वृद्धिरेशों की मिलावट में कमी स्वच्छ एवं सुरक्षित प्रसंस्करण ग्रामीण स्तर पर विकेन्द्रीकृत उपयोग हेतु उपयुक्त डिजाइनयह मशीन किसान उत्पादक संगठनों स्वयं सहायता समूहों स्टार्टअप इकाइयों एवं ग्रामीण उद्यमियों के लिए उपयुक्त है.अनुसूचित जाति समुदाय के आजीविका सशक्तिकरण से जुड़ा आयामबिहार में पासी समुदाय, जो अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित है, ऐतिहासिक रूप से ताड़ से रस (ताड़ी) निकालने एवं कृषि कार्यों से जुड़ा रहा है. इस समुदाय की जनसंख्या लगभग 12.8 लाख (1.28 मिलियन) से अधिक है, जो राज्य की कुल जनसंख्या का 1 प्रतिशत से भी कम है.ताड़ आधारित प्रसंस्करण के आधुनिकीकरण से इस समुदाय के लिए निम्नलिखित संभावनाएँ विकसित हो सकती हैं: परंपरागत कौशल का तकनीकी उन्नयनसुरक्षित एवं वैज्ञानिक प्रसंस्करण ताड़ गूदे से मूल्य संवर्धित उत्पाद निर्माण ग्रामीण सूक्ष्म-उद्योगों की स्थापना अनुसूचित जाति आजीविका योजनाओं से समेकनयह पहल राज्य सरकार की अनुसूचित जाति उप-योजना ग्रामीण आजीविका मिशन एवं कृषि-आधारित सूक्ष्म उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रमों के साथ समन्वित की जा सकती है.नेतृत्व के विचारकुलपति Dr. D. R. Singh ने कहा:यह तकनीक केवल एक मशीन नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है. ताड़ जैसे पारंपरिक संसाधन को आधुनिक प्रसंस्करण तकनीक से जोड़कर हम ग्रामीण युवाओं, विशेषकर अनुसूचित जाति समुदायों के लिए स्थायी आय के अवसर सृजित कर सकते हैं.निदेशक अनुसंधान Dr. D. R. Singh ने कहा:50 किलोग्राम प्रति बैच क्षमता वाली यह मोटर चालित प्रणाली प्रसंस्करण दक्षता एवं आर्थिक व्यवहार्यता को बढ़ाती है. डिज़ाइन पंजीकरण से तकनीक का संरक्षण सुनिश्चित हुआ है, जिससे तकनीक हस्तांतरण एवं उद्यमिता विकास को गति मिलेगी.नीति स्तर पर संभावित हस्तक्षेपयह तकनीक निम्नलिखित कार्यक्रमों के अंतर्गत लागू की जा सकती है: SC/STउद्यमिता प्रोत्साहन योजना मुख्यमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन FPO आधारित मूल्य संवर्धन परियोजनाएँ स्टार्टअप इंडिया एवं कृषि-आधारित स्टार्टअप समर्थननिष्कर्षमोटर चालित ताड़ फल गूदा निष्कर्षक मशीन पारंपरिक जैव संसाधनों को आधुनिक कृषि-उद्योग से जोड़ने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है. यह पहल तकनीकी नवाचार, बौद्धिक संपदा संरक्षण एवं सामाजिक समावेशन - तीनों आयामों को एकीकृत करती है.

## न्यूज कॉर्नर

### मंगलवार को शिलांग में लगभग 90 मिनट तक चंद्रग्रहण दिखने की संभावना : आईएमडी

**शिलांगः** मेघालय के लोग मंगलवार शाम पूर्ण चंद्रग्रहण के अंतिम चरण को देखने के लिए तैयार हैं, और पूर्वोत्तर के इस राज्य में देश के अधिकतर हिस्सों की तुलना में इस खगोलीय घटना का स्पष्ट दृश्य दिखने की उम्मीद है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शिलांग में चंद्रोदय शाम 5.23 बजे होने की उम्मीद है. हालांकि, पूर्ण चंद्रग्रहण शाम 6.48 बजे समाप्त होगा, जिससे दर्शकों को चंद्रमा के उदय होने से लगभग एक घंटे 25 मिनट तक इसे देखने का अवसर मिलेगा. आईएमडी के अधिकारियों ने बताया कि मेघालय के अधिकतर हिस्सों में मौसम की स्थिति अवलोकन के लिए अनुकूल रहने की संभावना है. मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने कहा, वर्तमान पूर्वानुमान के अनुसार, मंगलवार शाम शिलांग और आसपास के इलाकों में आसमान आमतौर पर साफ रहेगा या आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे. इससे लोगों को मौसम संबंधी बड़ी बाधाओं के बिना ग्रहण देखने में आसानी होगी. वहीं, एक अन्य अधिकारी ने कहा कि दृश्यता काफी हद तक चंद्रोदय के समय स्थानीय स्तर पर छाए बादलों पर निर्भर करेगी. अधिकारी ने कहा, यदि सूर्यास्त के समय पूर्वी क्षितिज साफ रहता है, तो लोग चंद्रमा को पृथ्वी की छाया से उसके विशिष्ट लाल रंग के साथ निकलते हुए देख सकेंगे.

### बरेली में कड़ी सुरक्षा एवं पुष्प वर्षा के बीच निकली 166 साल पुरानी राम बारात

**बरेली (उप्र)ः** 'जय श्री राम' के उद्घोष, पुष्प वर्षा और व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार को बरेली में 166 साल पुरानी परंपरा के तहत राम बारात निकाली गयी, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी की भीड़ उमड़ी. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. ऐतिहासिक जुलूस ब्रह्मपुरी इलाके के नरसिंह मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चार के बाद शुरू हुआ. भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियों को लेकर जब रथ चलने लगा, तब मार्ग पर बड़ी भीड़ जमा हो गई. भक्तों ने छतों और बालकनियों से फूलों की वर्षा की, जबकि राम दरबार, हनुमान लीला और अन्य धार्मिक प्रसंगों को दर्शाती झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. जुलूस मलूकपुर चौराहा, बिहारी पुर ढाल, कुतुबखाना घंटाघर, नॉवेल्टी चौराहा, बरेली कॉलेज गेट, कालीबाड़ी, श्यामगंज, साहू गोपीनाथ, मठ की चौकी, शिवाजी मार्ग, बड़ा बाजार, किला चौराहा और सिटी सब्जी मंडी से होते हुए मंदिर परिसर में वापस लौटा. इस साल चंद्र ग्रहण के कारण राम बारात होली से एक दिन पहले निकाली गई. कार्यक्रम में बदलाव के बावजूद उत्साह बरकरार रहा, पड़ोसी जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचे. बरेली शहर के पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने कहा, 'पुलिस और प्रशासन ने पहले से एक व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की थी. वरिष्ठ अधिकारियों ने मार्ग का निरीक्षण किया और संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन निगरानी तैनात की गई. अधिकारियों ने बताया कि खुफिया नेटवर्क को भी सक्रिय रखा गया है. सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में, मार्ग के किनारे 50 से अधिक मस्जिदों और इमामबाड़ों को तिरपाल की चादरों से ढक दिया गया ताकि उन तक रंग या अन्य सामग्री न पहुंच सके. रामलीला सभा के प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने कहा, 'सदियों पुरानी परंपरा को पारंपरिक भव्यता के साथ आगे बढ़ाया गया.' उन्होंने कहा, 'ग्रहण और संबंधित 'सूतक' काल के कारण, धार्मिक मानदंडों को ध्यान में रखते हुए मूर्तियों को एक दिन पहले रथ पर रखा गया था.' अधिकारियों ने बताया कि जुलूस शाम को नरसिंह मंदिर में भक्ति, अनुशासन और सांप्रदायिक सद्भाव के माहौल में संपन्न हुआ.

### मप्र के मुख्यमंत्री ने सरकारी कर्मचारियों को दिया होली का तोहफा, 3 फीसदी बढ़ाया महंगाई भत्ता

**भोपालः** मध्य प्रदेश सरकार के होली से पहले कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी सौगात दी है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार शाम को राज्य कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने की घोषणा की है. इससे प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारी-अधिकारी और करीब 4.50 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होलिका दहन के अवसर पर प्रदेशवासियों को रंगों के त्यौहार होली की बधाई एवं मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को होली के तोहफे के रूप में डीए में वृद्धि की सौगात दी जा रही है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है. इसके साथ ही प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर अब 58 प्रतिशत हो जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के कर्मचारियों को भारत सरकार के समान माह अप्रैल 2026 पेड इन मई 2026 के वेतन पर 58 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ दिया जाएगा. इसमें जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक के एरियर की राशि मई 2026 से प्रारंभ कर 6 समान किश्तों में भुगतान करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के सभी पेंशनधारियों को भी जनवरी 2026 पेड इन फरवरी 2026 से 58 प्रतिशत महंगाई राहत का लाभ दिया जाएगा.

### फिनलैंड के राष्ट्रपति 4 से 7 मार्च तक भारत दौरे पर, रायसीना डायलॉग में होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्लीः** फिनलैंड के राष्ट्रपति डॉ. अलेक्जेंडर स्टब 4 से 7 मार्च तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे. उनके साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा. विदेश मंत्रालय के मुताबिक राष्ट्रपति स्टब इस दौरान नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 11वें रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि और कीनोट स्पीकर होंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर यह उनकी भारत में राष्ट्रपति के रूप में पहली यात्रा होगी. विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति स्टब द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे. दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति स्टब के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे. यात्रा के दौरान राष्ट्रपति स्टब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे. उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भी उनसे भेंट करेंगे. इसके बाद वे मुंबई जाएंगे, जहां महाराष्ट्र के राज्यपाल और मुख्यमंत्री उनसे मुलाकात करेंगे. साथ ही भारतीय उद्योग जगत के नेताओं से संवाद करेंगे और मुंबई विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करेंगे.

### उत्तर प्रदेश के बहराइच में संपत्ति के विवाद में बेटे ने की मां-पिता, बहन और दादी की हत्या

**बहराइचः** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र में संपत्ति के विवाद में एक बेटे ने अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी. घटना के बाद आरोपित ने खुद पर भी ईट मारकर जान देने का प्रयास किया. पुलिस ने घायल आरोपित को अस्पताल में भर्ती कराया और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया है. पुलिस अधीक्षक आर.एन. सिंह ने बताया कि रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर रूदल (रामगांव) में रहने वाले बदलूराम (60) किसान थे. परिवार में पत्नी संजू (56), बेटी पार्वती (42), बेटा गुरुदेव, निरंकार और दादी शीतला (80) थीं. बड़े बेटे गुरुदेव ने बताया कि कुछ साल पहले पिता ने जमीन बेची थी. उस पैसे और संपत्ति को लेकर छोटे भाई निरंकार से विवाद चल रहा था. उसी पैसे के बंटवारे के लिए रविवार रात को छोटा भाई घर आया. पिता ने पैसे देने से मना किया तो उसने पास रखी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. बीच बचाव के दौरान उसने मां संजू, बहन पार्वती और दादी शीतला पर भी कुल्हाड़ी से कई प्रहार कर दिए. स्थानीय लोग जब उसे पकड़ने लगे तो उसने अपने सिर पर भी ईंट मारकर लहूलुहान कर लिया. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पिता, मां, बहन और दादी को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल आरोपित निरंकार को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया. पुलिस ने मौके से खून से सनी कुल्हाड़ी और एक ईंट बरामद की है. उन्होंने बताया कि गुरुदेव की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है. घटना के पीछे संपत्ति के बंटवारे की बात सामने आ रही है. इसी के चलते ही आरोपित ने अपने ही परिवार को मौत के घाट उतार दिया है. घटना में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है.

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और चोरी की गाड़ी बरामद

**इम्फालः** सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम और थौबल जिलों में अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के तीन सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है. मणिपुर पुलिस मुख्यालय के अनुसार सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन पीपल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी कांग्लेईपाक (प्रीपाक) के एक सक्रिय कैडर खुंद्रकपाम अनिलकुमार सिंह उर्फ मंगंगलकपा (21) को गिरफ्तार किया. वह सावोंबुंग थोंगखोंग का निवासी है. उसे इम्फाल पूर्व जिले के लामलाई थाना क्षेत्र के फाकनुंग आवांग लैकाई से पकड़ा गया. उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया.

---

**बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर होगी चर्चा**

# अगले हफ्ते मुख्य निर्वाचन आयुक्त करेंगे दौरा




**कोलकाताः** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग का एक दल 9 मार्च से पश्चिम बंगाल का दो दिवसीय दौरा करेगा. एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत आयोग द्वारा 10 मार्च को एक बैठक निर्धारित की गई है. अधिकारी ने संकेत दिया कि यदि स्थिति में कोई बदलाव नहीं होता है, तो चुनाव कार्यक्रम की घोषणा इस महीने के अंत में होने की संभावना है.
उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग के एक दल के 9 मार्च को कोलकाता पहुंचने की उम्मीद है तथा अगले दिन वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की जाएगी. अधिकारी ने कहा, जमीनी हालात के आकलन के आधार पर, चुनाव कार्यक्रम की घोषणा इसी महीने की जा सकती है. इस बीच, आयोग ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ अपनी बैठक का समय बदल दिया है.
अधिकारी ने बताया कि यह बैठक, जो पहले सोमवार शाम 6 बजे होनी थी, अब 5 मार्च को सुबह 10:30 बजे होगी. उन्होंने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, आयकर विभाग, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और केंद्रीय सशस्त्र बलों जैसी एजेंसियों के बैठक में शामिल होने की उम्मीद है. अधिकारी ने कहा, राज्य में जारी गतिविधियों को देखते हुए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए बैठक को टाल दिया गया.
सोमवार को आयोग ने जिलाधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक भी की और उन्हें 9 मार्च को निर्वाचन आयुक्तों के संभावित दौरे के बारे में सूचित किया. इससे पहले, उप निर्वाचन आयुक्त सहित लगभग आठ अधिकारियों की एक टीम रविवार को राज्य का दौरा करने वाली थी. हालांकि, राज्य सरकार के अनुरोध के बाद इसे स्थगित कर दिया गया.
राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने कहा था कि ईडन गार्डन में भारत और वेस्टइंडीज के बीच क्रिकेट मैच, सीबीएसई और आईसीएसई परीक्षाएं और 3 मार्च को होने वाला डोल उत्सव, इन सभी कारणों से यात्रा को पुनर्निर्धारित करना आवश्यक हो गया.

## गोपालगंज में निर्माणाधीन आरसीसी पुल का स्पैन ढलाई के दौरान गिरा, तीन अभियंता निलंबित

**पटनाः** नाबार्ड राज्य योजना के तहत गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड स्थित बखरौल कुर्मी टोला पथ पर घोघरी नदी के ऊपर निर्माणाधीन आरसीसी पुल की ढलाई के दौरान एक स्पैन क्षतिग्रस्त हो गया. इस घटना को ग्रामीण कार्य विभाग ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रशासनिक कार्रवाई की है. विभाग ने गोपालगंज कार्य प्रमंडल-2 के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को कार्य में लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. साथ ही पुल निर्माण कार्य में लगे संवेदक बापूधाम कंस्ट्रक्शन, मोतिहारी के खिलाफ भी कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है.
जानकारी के अनुसार, घोघरी नदी पर बन रहे इस आरसीसी पुल का एल-041 से एल-039 के बीच का एक हिस्सा ढलाई के दौरान ही अचानक गिर गया. हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई. ग्रामीण कार्य विभाग ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, नोडल पदाधिकारी और वरीय पुल सलाहकार को घटनास्थल पर भेजकर विस्तृत जांच शुरू कर दी है. विभागीय सूत्रों के अनुसार सभी कार्यपालक अभियंताओं को पुल निर्माण से पूर्व डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) की जांच वरीय पुल सलाहकार से कराने का स्पष्ट निर्देश दिया गया था, लेकिन संबंधित अभियंता और संवेदक ने इस निर्देश का पालन नहीं किया.
उल्लेखनीय है कि सिधवलिया प्रखंड के बखरौल कुर्मी टोला में इस पुल का निर्माण कार्य पिछले वर्ष 7 मार्च को शुरू किया गया था. विभाग ने इसे 15 मार्च, 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है. विभाग ने 28 फरवरी को आयोजित समीक्षा बैठक में भी सभी कार्य प्रमंडलों को अपने-अपने पुल परियोजनाओं के डीपीआर की अनिवार्य रूप से पुल सलाहकार से समीक्षा कराने का निर्देश दोहराया था.

### साइबर ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**पटनाः** पटना पुलिस ने साइबर ठगी से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों के अनुसार, ये गिरफ्तारियां पूरे शहर में पुलिस द्वारा नियमित रूप से चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के दौरान की गईं. साइबर प्रकोष्ठ के उपाधीक्षक (डीएसपी) नीतीश चंद्र धरिया ने संवाददाताओं को बताया, पटना के दानापुर इलाके के निवासी 21 वर्षीय विकास कुमार विपुल के खिलाफ एक शिकायतकर्ता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी. उस पर शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 2.24 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है. धरिया ने कहा कि विपुल अपने गिरोह के साथ मिलकर शेयर बाजार में निवेश से संबंधित विज्ञापनों के जरिए लोगों को फंसाता था. उन्होंने बताया कि शुरुआत में वे निवेशकों को कुछ लाभ लौटाते थे, लेकिन जब निवेश की राशि बढ़ जाती थी तो वे संपर्क तोड़ लेते थे. डीएसपी ने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. उन्होंने कहा कि रविवार को पुलिस ने पटना जिले के निवासी 42 वर्षीय संजय कुमार पाठक और शब्बीर खान को भी 'म्यूल खाते' के संचालन के जरिए लोगों से ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है.

# एसआईआर के तहत बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने के कारण मतुआ समुदाय में पनप रहा डर और गुस्सा



**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एआईआर) के तहत बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने के बाद मतुआ समुदाय बहुल इलाकों में घबराहट, गुस्सा और संदेह का माहौल बन गया है. इस मुद्दे ने भाजपा को अपने गढ़ में रक्षात्मक स्थिति में ला दिया है, जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को राजनीतिक अवसर नजर आने लगा है.
वर्ष 2002 के बाद पहली बार हो रहे इस व्यापक पुनरीक्षण ने सीमा से सटे जिलों की पुरानी चिंताओं को फिर से जगा दिया है. मतुआ, अनुसूचित जाति का हिंदू शरणार्थी समुदाय है और दक्षिण बंगाल में उत्तर 24 परगना तथा नदिया जिलों तथा उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों सहित राज्य की लगभग 50 विधानसभा सीटों पर प्रभाव रखता है. यह समुदाय पहचान, दस्तावेज और नागरिकता को लेकर नयी आशंकाओं में घिर गया है.
एसआईआर नियमों के तहत जिन मतदाताओं के नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं थे, उन्हें पात्रता से जुड़े दस्तावेज देने को कहा गया. लेकिन दशकों से बांग्लादेश से आए लाखों लोगों के पास औपचारिक कागजात नहीं हैं, जिसके कारण उनके नाम सूची से हटाए जाने लगे हैं और कई लोग मताधिकार खोने के डर से जूझ रहे हैं. आंकड़े भी इस प्रक्रिया के व्यापक प्रभाव को दिखाते हैं. दूसरे चरण में दबग्राम-फुलबाड़ी में 16,491, बगदा में 15,303 और कल्याणी में 9,037 नाम हटाए गए. इससे पहले पहले चरण में बगदा में 24,927, गैघाटा में 16,718, बनगांव-उत्तर में 26,183 और बनगांव-दक्षिण में 18,562 नाम हटाए गए थे. ताजा आंकड़ों के बाद बगदा में कुल 40,230, बनगांव-उत्तर में 34,109, बनगांव-दक्षिण में 25,464 और गैघाटा में 23,488 नाम हट चुके हैं. पूरे राज्य में नवंबर से अब तक करीब 63.66 लाख नाम, यानी कुल मतदाताओं के लगभग 8.3 प्रतिशत नाम, सूची से हटाए जा चुके हैं. इसके साथ ही लगभग 60 लाख मतदाता 'विचाराधीन' श्रेणी में हैं. निर्वाचन आयोग का कहना है कि यह प्रक्रिया फर्जी, मृत और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के लिए है, लेकिन मतुआ क्षेत्रों में यह बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया है. मतुआ महासंघ के महासचिव महितोष बैद्य ने कहा कि समुदाय में ''भ्रम और चिंता'' का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के नाम सूची से हट गए हैं. वहीं, केंद्रीय मंत्री और बनगांव से भाजपा सांसद शांतनु ठाकुर ने समुदाय को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिन मतुआ शरणार्थियों के नाम हटे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता मिलेगी और उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है. दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस सांसद ममताबाला ठाकुर ने आरोप लगाया कि 2002 के बाद आए और दस्तावेज़ न रखने वाले मतुआ लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं.
भाजपा के लिए मतदाता सूची से नाम हटाने का यह मामला एक बड़ा राजनीतिक दांव बन गया है : या तो वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के मुद्दे को और जोर से उठाते हुए भविष्य में नाम बहाल कराने का भरोसा दिलाए या फिर उस शरणार्थी वोट बैंक को नाराज़ करने का जोखिम उठाए जिसने 2019 के बाद पार्टी के राज्य में आगे बढ़ने में अहम भूमिका निभाई थी. वहीं तृणमूल कांग्रेस के लिए यह स्थिति शरणार्थी वोटों को दोबारा अपने पक्ष में लाने का अवसर दे सकती है, लेकिन इसके साथ ही उसे सीमा से लगे उन जिलों में बढ़ती चिंता और असुरक्षा की भावना को संभालने की चुनौती भी झेलनी पड़ेगी, जहां पहचान की राजनीति गहराई से जुड़ी हुई है. विधानसभा चुनाव से महज दो महीने पहले मतुआ बहुल क्षेत्र अब बंगाल की राजनीति का सबसे संवेदनशील और निर्णायक चुनावी केंद्र बन गया है, जहां मतदाता सूची से हर नाम की कटौती एक नए राजनीतिक विवाद और टकराव को जन्म दे रही है.

### ईरान पर हमले के विरोध में धर्मतला में प्रदर्शन

**कोलकाताः** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान की पावन भूमि पर इजरायल व अमेरिका द्वारा किए गए हमलों के खिलाफ सोमवार को कोलकाता का धर्मतला इलाका विरोध प्रदर्शनों से गूंज उठा. अल्पसंख्यक युवा फेडरेशन की ओर से आयोजित इस विशाल विरोध सभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.यह विरोध सभा धर्मतला स्थित प्रसिद्ध टीपू सुल्तान मस्जिद के पास आयोजित की गई. संगठन के सदस्यों ने इजरायल और अमेरिका की सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे वैश्विक शांति के लिए खतरा बताया.प्रमुख मांगें और विरोध के स्वरहमलों पर तत्काल रोक: प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि ईरान पर हो रहे हमलों को तुरंत रोका जाए.साम्राज्यवाद का विरोध: सभा के वक्ताओं ने अमेरिका और इजरायल पर 'साम्राज्यवादी नीति' अपनाने का आरोप लगाया.शांति की अपील: फेडरेशन के नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में हस्तक्षेप करने और निर्दोष लोगों की जान बचाने की अपील की.धर्मतला जैसे व्यस्त इलाके में विरोध सभा होने के कारण दोपहर के समय मध्य कोलकाता में यातायात की गति कुछ समय के लिए धीमी हो गई. मौके पर तैनात कोलकाता पुलिस की भारी टुकड़ी ने स्थिति को नियंत्रित किया और प्रदर्शन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया.

# निर्वाचन आयोग ने बंगाल में केंद्रीय बलों की 480 कंपनियों की जिलावार तैनाती को दिया अंतिम रूप



**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राज्य भर में केंद्रीय बलों की 480 कंपनियों की तैनाती के लिए जिलावार सूची जारी की. यह जानकारी एक अधिकारी ने दी. अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों की 240 कंपनियां पहले ही राज्य में पहुंच चुकी हैं और चुनाव पूर्व तैनाती के तहत विभिन्न जिलों में मार्च शुरू कर चुकी हैं, जबकि शेष 240 कंपनियों के 10 मार्च को पहुंचने का कार्यक्रम है. उन्होंने कहा कि तैनाती के दूसरे चरण के साथ, जिलों में कुल 480 कंपनियों की तैनाती के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है. उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग को 11 कंपनियां तैनात की जाएंगी, जिनमें से छह को पहले चरण में और पांच को दूसरे चरण में तैनात किया जाएगा. वहीं, सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्तालय में पांच कंपनियां होंगी, जबकि कलिम्पोंग को चार कंपनियां मिलेंगी. अधिकारी के अनुसार, अलीपुरद्वार में कुल सात कंपनियां होंगी और जलपाईगुड़ी में कुल 10 कंपनियां होंगी. उत्तर दिनाजपुर जिले में इस्लामपुर पुलिस जिले को नौ कंपनियां मिलेंगी, जिनमें से पांच पहले ही पहुंच चुकी हैं, जबकि रायगंज पुलिस जिले को 10 कंपनियां मिलेंगी. दक्षिण दिनाजपुर में 10 कंपनियां होंगी, और दूसरे चरण में अतिरिक्त तैनाती की कोई योजना नहीं है. मालदा में 18 कंपनियां काम करेंगी, जिनमें से 12 पहले ही काम शुरू कर चुकी हैं और छह अन्य कंपनियां दूसरे चरण में शामिल होंगी. अधिकारी ने बताया कि मुर्शिदाबाद पुलिस जिले को कुल 20 कंपनियां मिलेंगी, जबकि जंगीपुर पुलिस जिले को 15 कंपनियां मिलेंगी. नदिया में, कृष्णानगर पुलिस जिले को 13 कंपनियां और रानाघाट पुलिस को नौ कंपनियां मिलेंगी. उन्होंने कहा कि कोलकाता में कुल 30 कंपनियां होंगी, जिनमें से 12 को पहले चरण में तैनात किया जाएगा और 18 को दूसरे चरण में भेजा जाएगा. हावड़ा पुलिस आयुक्तालय को 10 कंपनियां मिलेंगी, जबकि हावड़ा ग्रामीण पुलिस जिले को 11 कंपनियां मिलेंगी. हुगली (ग्रामीण) में 16 कंपनियां और चंदननगर पुलिस आयुक्त कार्यालय में 11 कंपनियां तैनात की जाएंगी. अधिकारी के अनुसार, उत्तर 24 परगना में, बारासात पुलिस जिले में 11 कंपनियां, बोंगांव में 6, बशीरहाट में 17 और बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय में 19 कंपनियां होंगी. बिधाननगर पुलिस आयुक्त कार्यालय में पांच कंपनियां होंगी. उन्होंने कहा कि दक्षिण 24 परगना में, बारुईपुर पुलिस जिले में 13 कंपनियां होंगी, डायमंड हार्बर में 11 और सुंदरबन में 9 कंपनियां तैनात की जाएंगी. पूर्वी मेदिनीपुर में 28 कंपनियां तैनात की जाएंगी, जबकि पश्चिमी मेदिनीपुर में 20 कंपनियां होंगी. चुनाव निकाय के अधिकारी ने बताया कि झाड़ग्राम में 11 कंपनियां होंगी, जबकि पूर्वी बर्धमान में 25 कंपनियां, आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय (17), बीरभूम (21) कंपनियां, पुरुलिया (20) और बांकुरा में 13) कंपनियां तैनात की जाएंगी. अधिकारियों ने बताया कि यह तैनाती चुनाव तिथियों की औपचारिक घोषणा से काफी पहले सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है. इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''उद्देश्य मतदाताओं में विश्वास जगाना और यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हों.''

**सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को हस्तांतरित की जाएगी जमीन**

# बंगाल सरकार ने केंद्र को 105एकड़ जमीन देने को दी सैद्धांतिक मंजूरी



**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल सरकार ने सीमा पर बाड़ लगाने और चौकियां बनाने के लिए केंद्र को लगभग 105 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है. आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी. सूत्र ने कहा कि लगभग 17 किलोमीटर की बाड़ लगाने और सीमा चौकियां (बीओपी) स्थापित करने के लिए यह जमीन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को हस्तांतरित की जाएगी. उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से संबंधित प्रस्तावों की जांच के लिए गठित मंत्रिस्तरीय समूह ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय 'नबान्न' में बैठक की और सैद्धांतिक रूप से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. हालांकि, अंतिम मंजूरी राज्य मंत्रिमंडल द्वारा दी जाएगी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सीमा पर बाड़ लगाने और सीमा चौकियां बनाने के लिए बीएसएफ को जमीन सौंपने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई. अब इसे अंतिम मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा. प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार सीमा के 17 किलोमीटर लंबे हिस्से पर बाड़ लगाने की योजना बना रही है और इसके लिए उसने राज्य सरकार से जमीन मांगी है. बीएसएफ को भी इस क्षेत्र में नौ सीमा चौकियों के निर्माण के लिए जमीन की जरूरत है. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इससे पहले केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से संबंधित प्रस्तावों की जांच के लिए एक विशेष मंत्रिस्तरीय समूह को नियुक्त किया था. सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को मंत्रियों- चंद्रिमा भट्टाचार्य, फिरहाद हकीम और अरूप बिस्वास ने इन बातों पर विचार-विमर्श किया कि कहां कितनी जमीन की जरूरत है और राज्य कितनी जमीन उपलब्ध करा सकता है. राज्य सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि 17 किलोमीटर के क्षेत्र में बाड़ लगाने के लिए लगभग 67 एकड़ जमीन आवंटित करने का निर्णय लिया गया है, जबकि नौ बीओपी (बोर्ड ऑफ पोस्ट यानी सीमा चौकियों) के निर्माण के लिए लगभग 18 एकड़ जमीन की आवश्यकता होगी. सूत्रों के मुताबिक ये जमीनें फिलहाल निजी व्यक्तियों के स्वामित्व में हैं और राज्य सरकार बीएसएफ को सौंपने से पहले उनसे जमीन खरीदेगी. सूत्रों का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री कार्यालय प्रस्ताव को मंजूरी दे देता है, तो इसे राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा. उनके अनुसार मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिलने पर, जिला प्रशासन आवश्यक भूखंडों के अधिग्रहण के लिए भूस्वामियों से बातचीत शुरू करेगा. सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा मंत्रिस्तरीय समूह द्वारा सीमा से सटे नौ स्थानों पर स्थित लगभग 20-25 एकड़ सरकारी जमीन को बीएसएफ को हस्तांतरित करने की सिफारिश किये जाने की संभावना है. एक अधिकारी ने कहा, इसका उद्देश्य सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाना है.

# कोलकाता में केंद्रीय कृषि मंत्री ने जूट, जल प्रबंधन व मत्स्य क्षेत्र में सुधार पर दिया जोर



**कोलकाताः** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोलकाता स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों की व्यापक समीक्षा बैठक की. सोमवार को हुई इस बैठक में जूट क्षेत्र को सशक्त बनाने, कृषि की स्थिरता बढ़ाने और मत्स्य आधारित ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया गया.
बैठक में केंद्रीय मंत्री ने जूट उद्योग को प्रभावित करने वाली प्रमुख चुनौतियों की समीक्षा की, जिनमें कच्चे जूट की गुणवत्ता, ग्रेडिंग प्रणाली और किसानों को प्रभावित करने वाली जल संकट जैसी समस्याएं शामिल हैं. उन्होंने ग्रेडिंग की सटीकता सुधारने, उचित मूल्य सुनिश्चित करने और कुल उत्पादकता बढ़ाने के लिए समाधान विकसित करने पर जोर दिया.
शिवराज सिंह चौहान ने जूट उत्पादों में विविधता लाने और निर्यात अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया. उनका कहना था कि मूल्य संवर्धित जूट उत्पाद किसानों की आय बढ़ाने और वैश्विक प्राकृतिक रेशे के बाजार में भारत की स्थिति मजबूत करने में मदद करेंगे. इसके लिए उन्होंने अनुसंधान संस्थानों, उद्योग के हितधारकों और सरकारी एजेंसियों के समेकित दृष्टिकोण की आवश्यकता बताई. केंद्रीय मंत्री ने जूट उत्पादन क्षेत्रों में जल संकट को कम करने और सतत खेती सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी जल प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने पर भी जोर दिया. उन्होंने इनपुट लागत कम करने और फाइबर गुणवत्ता बढ़ाने में तकनीकी नवाचार और वैज्ञानिक हस्तक्षेप की अहमियत को रेखांकित किया. बैठक में मत्स्य क्षेत्र को ग्रामीण आजीविका के प्रमुख स्त्रोत के रूप में बढ़ावा देने पर भी विशेष ध्यान दिया गया. मंत्री ने आंतरिक मत्स्य पालन, सतत एक्वाकल्चर प्रथाओं और संसाधनों के बेहतर उपयोग से किसानों की आय और पोषण सुरक्षा बढ़ाने की आवश्यकता बताई.
बैठक में कोलकाता में कार्यरत कई भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद संस्थानों और क्षेत्रीय केंद्रों के कार्यों की समीक्षा की गई, जिनमें प्राकृतिक रेशे अनुसंधान, जूट और संबद्ध रेशे, आंतरिक मत्स्य पालन और कृषि प्रौद्योगिकी प्रसार में लगे संस्थान शामिल हैं. प्रमुख संस्थानों में राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशे अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान, केंद्रीय जूट और संबद्ध रेशे अनुसंधान संस्थान, केंद्रीय आंतरिक मत्स्य पालन अनुसंधान संस्थान और कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन पांच शामिल हैं.
ये संस्थान प्राकृतिक रेशों, उन्नत जूट किस्मों के विकास, आंतरिक मत्स्य पालन प्रबंधन और किसानों तक कृषि प्रौद्योगिकियों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. मंत्री ने सरकार की कृषि अनुसंधान को मजबूत करने, किसानों का समर्थन करने और नवाचार, विविधीकरण और समेकित विकास रणनीतियों के माध्यम से सतत ग्रामीण अर्थव्यवस्था बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई.-

# टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान: जहीर के बाद हरभजन से संपर्क किया बीसीसीआई ने



**कोलकाता:** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह से बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है. बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है. इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं. इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं. ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं. पता चला है कि सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने पूर्व साथियों से चार से पांच दिन के विशेष शिविरों के लिए संपर्क किया था. इस घटनाक्रम से अवगत बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''लक्ष्मण ने विशेष शिविरों के लिए जहीर, हरभजन और अनिल कुंबले से संपर्क किया है. हरभजन ऑफ स्पिनरों के लिए चार या पांच दिवसीय शिविर के लिए अपना कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं. वह उन उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्सुक हैं जिन्होंने आयु वर्ग और भारत ए स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है.'' उन्होंने कहा, ''यह एक स्वागत योग्य पहल है जहां भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके खिलाड़ी अगली पीढ़ी के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे.'' माना जा रहा है कि टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज अनिल कुंबले से कलाई के स्पिनरों के लिए एक शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया गया है. ऐसा माना जा रहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने से पहले विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे क्योंकि इनमें से कई खिलाड़ियों को अपनी-अपनी आईपीएल टीमों से जुड़ना होगा. इस बीच भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह और श्रीनाथ अरविंद उन प्रमुख नामों में शामिल हैं जिन्होंने 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में तेज गेंदबाजी कोच के स्थायी पद के लिए आवेदन किया है. वीआरवी और अरविंद दोनों ने सीओई में विभिन्न आयु वर्ग के शिविरों में काम किया है. बीसीसीआई इंग्लैंड के ट्रॉय कूली की जगह पर तेज गेंदबाजी विभाग के प्रमुख की तलाश में है. स्पिन गेंदबाजी विभाग की कमान फिलहाल पूर्व भारतीय गेंदबाज सुनील जोशी के हाथ में है.

## भारत दौरे में एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलेगा अफगानिस्तान



**नयी दिल्ली:** अफगानिस्तान की टीम भारत के अपने आगामी दौरे में एक टेस्ट मैच और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी. बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने विज्ञप्ति में कहा, ''अफगानिस्तान एक टेस्ट मैच खेलेगा जिसके बाद तीन वनडे मैचों की श्रृंखला होगी. टेस्ट मैच छह से 10 जून, 2026 तक न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा.'' यह टेस्ट मैच हालांकि भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है. ऐसा माना जा रहा है कि 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए भारत इस प्रारूप पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है और इसलिए उसने तीन वनडे मैच का कार्यक्रम बनाया है. वनडे श्रृंखला का पहला मैच 14 जून को धर्मशाला में शुरू होगा, जिसके बाद के मैच लखनऊ (17 जून) और चेन्नई (20 जून) में खेले जाएंगे. सभी वनडे मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे.

# न्यूजीलैंड चीजों को जरूरत से ज्यादा बड़ा नहीं बनाता, भारत के अनुभव से होगा फायदा: मिचेल



**कोलकाता:** आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड चीजों को जरूरत से ज्यादा बड़ा नहीं बनाता और टीम को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत में खेलने के हालिया अनुभव से फायदा होगा. न्यूजीलैंड बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले सेमीफाइनल में पिछली बार की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा. मिचेल ने कहा कि 'ब्लैक कैप्स' को मैदान के अंदर और बाहर किस तरह काम करना है, इसे लेकर पूरी स्पष्टता है. उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा, ''हम टीम के तौर पर कैसे खेलना चाहते हैं, इसे लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं. हम चीजों को जितना है उससे बड़ा नहीं बनाते लेकिन सेमीफाइनल में पहुंचने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और खुद को भाग्यशाली मानते हैं.'' उन्होंने कहा, '' हम इस मुकाबले का इंतजार कर रहे है. हम मैच के दौरान छोटे-छोटे पलों को भुनाने के बारे में बात करते है और हमें उम्मीद है कि हम कुछ दिनों के बाद खेले जाने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे.'' न्यूजीलैंड की टीम इस साल की शुरुआत से भारत में है. टीम ने विश्व कप से पहले तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और फिर पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भाग लिया था. मिचेल ने कहा कि टीम भारत में खेलने के अनुभव से फायदा उठाने की कोशिश करेगी. उन्होंने श्रीलंका में विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैचों को खेलने के बाद यहां वापसी पर कहा, ''हमने पिछले दो महीनों में भारत में काफी समय बिताया है और हमें अंदाजा है कि यहां कैसी परिस्थितियां मिलेंगी. श्रीलंका में पिछले पखवाड़े जो हालात थे, उनसे यह अलग होगा, लेकिन खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों की तैयारी पर भरोसा करेंगे.'' न्यूजीलैंड को इससे पहले ग्रुप चरण में दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा था. उन्होंने कहा, ''वे इस प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक हैं और इसी वजह से यहां तक पहुंचे हैं. कोलकाता में विश्व कप सेमीफाइनल में उनसे भिड़ना रोमांचक होगा. दोनों टीमें अगले चरण में पहुंचने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी. ईडन गार्डन्स में खचाखच भरी भीड़ के सामने खेलना हमेशा खास होता है. मिचेल को भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद जनवरी 2026 के लिए आईसीसी का 'महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' चुना गया था. न्यूजीलैंड ने वनडे श्रृंखला 2-1 से जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की थी. उन्होंने कहा, यह अच्छा लगता है, लेकिन मैं इसे टीम की उपलब्धि मानता हूं. जनवरी 2026 में मिली सफलता, खासकर भारत में वनडे श्रृंखला में जीतना, हमारे देश के लिए ऐतिहासिक था क्योंकि हमने पहले कभी ऐसा नहीं किया था.

## अतिका मीर सीओटीएफए के यूरोपीय चरण में पोडियम पर जगह बनाने वाली पहली भारतीय बनीं



**वालेंशिया:** भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका मीर ने 'चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओएफटीए) कार्टिंग सीरीज' के यूरोपीय चरण में पोडियम स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया. ग्यारह साल की अतिका ओकेएनजे (जूनियर) वर्ग में तीसरे स्थान पर रही. वह इस रेस में पोडियम पर जगह बनाने वाली पहली भारतीय रेसर है. यह उनके अब तक के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है. एफवन अकादमी के समर्थन पाने वाली पहली भारतीय अतिका ने ग्रिड में नौवें स्थान से शुरुआत करते हुए शुरुआती रेस में तीसरा और दूसरी रेस में दूसरा स्थान हासिल किया. उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरी और फाइनल रेस में भी दूसरा स्थान हासिल किया लेकिन पेनल्टी के कारण उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा.

# गांगुली ने सैमसन को सफेद गेंद की टीम में नियमित करने का समर्थन किया



**कोलकाता:** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को संजू सैमसन को भारत की सफेद गेंद की टीमों में नियमित रूप से शामिल किए जाने का समर्थन किया और टी20 विश्व कप से पहले इस आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज की आलोचना पर हैरानी व्यक्त की. सैमसन की 50 गेंद में नाबाद 97 रन की पारी से भारत ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ 'वर्चुअल क्वार्टरफाइनल' में 196 रन के लक्ष्य का पीछा किया. इसे एक शानदार पारी बताते हुए गांगुली ने कहा, ''वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है. उसे सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत के लिए लगातार खेलना चाहिए, शत प्रतिशत.'' उन्होंने कहा, ''यह मुकाबला लगभग क्वार्टर फाइनल जैसा था और 97 रन पर नाबाद रहना उसके कौशल को दिखाता है. वह इस तरह का खिलाड़ी है. जब वह मैदान में उतरता है तो विरोधी टीम को नुकसान पहुंचाता है.'' सैमसन ने यह पारी उस दिन खेली जब भारत के मुख्य बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या सस्ते में आउट हो गए. लेकिन सैमसन ने दबाव से अच्छी तरह निपटते हुए आखिर तक बिना किसी जोखिम के बल्लेबाजी की. गांगुली ने आगे कहा, ''वह परिस्थिति के हिसाब से खेला और यह जरूरी था. इससे हम सभी को यह सीख मिलती है कि यह वही लड़का है जो पिछले छह महीनों में टीम में अपनी जगह नहीं बना पाया, भले ही ईशान किशन पारी का आगाज कर रहा हो या कोई और आ रहा हो.'' उन्होंने कहा, ''विश्व कप से ठीक पहले मैं अखबार में पढ़ता था कि 'संजू फिर विफल हो गया', 'वह टीम में शामिल होने का हकदार नहीं', 'भारत में इतनी प्रतिभा है, शुभमन गिल टीम में क्यों नहीं है?' और फिर यही लड़का क्वार्टरफाइनल जैसे मैच 97 रन बनाकर नाबाद रहता है और आपको सेमीफाइनल में पहुंचा देता है.'' गांगुली ने यह भी कहा कि इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मुश्किल होगी और कहा कि मुंबई में सेमीफाइनल की मुश्किल पार करने के लिए घरेलू टीम को अपनी बेहतरीन फॉर्म बनाए रखनी होगी. गांगुली ने यहां एक बैठक के दौरान कहा, ''इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मजबूत प्रतिद्वंद्वी होगी. उन्हें वैसा ही खेलना होगा जैसा उन्होंने कल के मैच में जीत दिलाई थी. भारत के लिए सबसे अच्छी बात यह रही है कि टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ निराशाजनक सीरीज के बाद संजू सैमसन ने शीर्ष क्रम में फॉर्म में वापसी की है.

# विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों पर वित्तीय जुर्माना लगाने पर कर रहा विचार है पीसीबी



**कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) टी20 विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और सेमीफाइलन से पहले बाहर होने के बाद खिलाड़ियों पर आर्थिक दंड लगाने पर विचार कर रहा है. विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, खिलाड़ियों के पारिश्रमिक में तत्काल कटौती की खबरें सही नहीं हैं, लेकिन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण से बाहर होने के मद्देनजर कार्रवाई पर मंथन जारी है. सूत्र ने पीटीआई से कहा, अभी इस पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन खिलाड़ियों पर वित्तीय जुर्माना लगाने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है. उन्होंने हलांकि संभावित कार्रवाई के स्वरूप का खुलासा नहीं किया. उन्होंने बताया कि इस बात पर भी बहस हो रही है कि खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से दंडित करना सही कदम होगा या नहीं. पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा. टीम को चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों से हार का सामना करना पड़ा, जबकि सुपर आठ में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया. सुपर आठ चरण के आखिरी मैच में श्रीलंका को हराने के बावजूद टीम अंतिम चार में नहीं पहुंच सकी. सूत्र के मुताबिक खिलाड़ियों का प्रदर्शन न केवल पीसीबी बल्कि सरकार के प्रभावशाली हलकों को भी निराश कर गया है. उन्होंने कहा, ''आम भावना यही है कि अब बहुत हो चुका. इतने समर्थन के बावजूद खिलाड़ी बड़े टूर्नामेंटों में देश को निराश कर रहे हैं.'' टीम के खिलाड़ी भी चुपचाप छोटे-छोटे समूहों में श्रीलंका से स्वदेश लौटे. कप्तान सलमान अली आगा और स्टार बल्लेबाज बाबार आजम समेत कुछ खिलाड़ी सोमवार रात लाहौर पहुंचे. केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को मासिक रिटेनर के अलावा मैच फीस, जीत बोनस और बोर्ड के टीम प्रायोजन सौदों में हिस्सेदारी भी मिलती है.

# क्रिकेट एक टीम गेम है, कई वर्षों से हम सिर्फ कुछ खास योगदान की ही बात करते आए हैं: गंभीर

**कोलकाता:** गौतम गंभीर का मानना है की टीम गेम में प्रत्येक खिलाड़ी का छोटा या बड़ा योगदान महत्वपूर्ण होता है लेकिन भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से इसका अभाव रहा है. भारत के मुख्य कोच ने कहा कि अगर शिवम दुबे ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में 19वें ओवर दो चौके नहीं लगाए होते तो संजू सैमसन की 97 रन की मैच विजेता पारी की कोई बात नहीं कर रहा होता. गंभीर ने कहा कि जब तक वह कोच हैं, प्रत्येक खिलाड़ी के योगदान का पूरे सम्मान के साथ उल्लेख किया जाएगा. गंभीर ने पत्रकारों से कहा, ''मुझे खुशी है कि आप सभी के योगदान के बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि कई वर्षों से हम केवल कुछ विशेष योगदानों के बारे में ही बात करते रहे हैं. यह एक टीम गेम है और यह हमेशा टीम गेम ही रहेगा.'' उन्होंने कहा, ''मेरे लिए शिवम के दो चौके भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने संजू के 97 रन, क्योंकि अगर उसने वे दो चौके नहीं लगाए होते तो आप उस (97 रन की पारी) के बारे में बात भी नहीं करते.'' गंभीर ने कहा, '''बड़ा योगदान सुर्खियां बटोरता है, लेकिन छोटा योगदान भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वह टीम को जीत दिलाने में मदद कर सकता है, उसे लक्ष्य तक पहुंचा सकता है. इसीलिए मैं कहता हूं कि जब तक मैं इस पद पर हूं, हमारी



आगे भी यही नीति रहेगी.'' दुनिया भर के कोच आंकडों (डेटा) को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इनमें गंभीर शामिल नहीं हैं. उन्होंने कहा, ''सच कहूं तो मुझे आंकड़ों पर भरोसा नहीं है. मैंने कभी आंकड़े देखे ही नहीं. मुझे तो यह भी नहीं पता कि आंकड़े होते क्या हैं. मैं उन पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं करता, क्योंकि मुझे लगता है कि वे अधिकतर सहज ज्ञान पर आधारित होते हैं.'' गंभीर की यह टिप्पणी आश्चर्यजनक थी क्योंकि टीम डेटा विश्लेषक हरि प्रसाद पर काफी हद तक निर्भर रहती है. भारतीय कोच ने कहा, ''टी20 क्रिकेट में सहज ज्ञान और उस सहज ज्ञान पर भरोसा करना ही सब कुछ है. खेल और टी20 प्रारूप के बारे में मुझे जो भी जानकारी है, मैं उसे कप्तान को देने और जितना हो सके उनकी मदद करने की कोशिश करता हूं.'' उन्होंने कहा, ''लेकिन आखिर में फैसला कप्तान को करना होता है लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे आंकड़ों पर कोई विश्वास नहीं है क्योंकि इन्हें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है. मेरे लिए यह बहुत सौभाग्य की बात है कि हमारे पास विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं.'' इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में होने वाले सेमीफाइनल के बारे में गंभीर ने कहा, ''उनकी (इंग्लैंड) टीम एक विश्वस्तरीय टीम हैं. उनके पास कई बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं और हम सभी जानते हैं कि वानखेड़े में खेलना आसान नहीं होता है. उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे.''

## ईरान संकट के बीच चांदी 32,000 रुपये के उछाल के साथ तीन लाख रुपये पर, सोना 8,100 रुपये मजबूत



**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट गहराने के बीच निवेशकों के सुरक्षित-संपत्ति की ओर रुख करने के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में 12 प्रतिशत तक का उछाल आया. एक ओर जहां चांदी तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, वहीं सोना 1.73 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब जा पहुंचा. अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी शुक्रवार के 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 32,000 रुपये या 11.94 प्रतिशत बढ़कर 3,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई. सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 8,100 रुपये या 4.92 प्रतिशत बढ़कर 1,72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई. पिछले बाजार सत्र में यह 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी. लेमन मार्केट्स डेस्क के अनुसंधान विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को तेज उछाल देखा गया, क्योंकि पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण आक्रामक सुरक्षित-निवेश वाली परिसंपत्तियों में खरीदारी शुरू हो गई.'' उन्होंने कहा, ''सप्ताहांत में ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा समन्वित सैन्य हमलों के बाद यह वृद्धि हुई. इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु हो गई.'' अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 116.38 डॉलर या 2.21 प्रतिशत बढ़कर 5,394.28 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 1.43 प्रतिशत बढ़कर 95.19 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी. एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने की हाजिर कीमत सोमवार को दो प्रतिशत से अधिक बढ़ गई और 5,400 डॉलर प्रति औंस के करीब चढ़कर दो महीने में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से मजबूत सुरक्षित-निवेश की मांग बढ़ गई.'' इस बीच, ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, जॉर्डन, इराक और सीरिया सहित कई पड़ोसी देशों में अमेरिकी सैन्य और रणनीतिक संपत्तियों को निशाना बनाकर जवाबी हमले शुरू किए. गांधी ने कहा कि संघर्ष के बढ़ते भौगोलिक दायरे ने क्षेत्रीय स्थिरता, ऊर्जा बुनियादी ढांचे और प्रमुख वैश्विक व्यापार मार्गों में संभावित व्यवधानों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं. एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण (जिंस और मुद्रा) विभाग के उपाध्यक्ष, जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''आने वाला सप्ताह अमेरिका के लिए आंकड़ों भरा सप्ताह रहेगा, जिसमें विनिर्माण और गैर-विनिर्माण पीएमआई, एडीपी गैर-कृषि रोजगार परिवर्तन और बेरोजगारी आंकड़े शामिल हैं.'' उन्होंने कहा कि आंकड़े ज़ारी होने से कीमतों में और अधिक अस्थिरता आ सकती है क्योंकि प्रतिभागी फेडरल रिजर्व की नीतिगत अपेक्षाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं.

## कारोबार

# पश्चिम एशिया में संकट गहराने से शेयर बाजार लुढ़का, सेंसेक्स ने लगाया 1,048 अंक का गोता

**मुंबई:** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेज गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 313 अंक के नुकसान में रहा. वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,743.46 अंक यानी 3.37 प्रतिशत टूटकर 78,543.73 अंक पर आ गया था. बाद में यह 1,048.34 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,238.85 अंक पर बंद हुआ. इसी तरह, कारोबार के दौरान 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 575.15 अंक यानी 2.28 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,603.50 अंक पर आ गया था. बाद में यह 312.95 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,865.70 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट आई. केवल भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और आईटीसी के शेयर लाभ में रहे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत में 8.34 प्रतिशत की तेजी आई और यह 78.95 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संघर्ष के साथ कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि के बीच भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए. ईरानी सरकारी मीडिया ने रविवार को कहा कि अमेरिका-इजराइल के शनिवार तड़के तेहरान पर हुए हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गयी है. ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता की हत्या के विरोध में इजराइल और पश्चिम एशिया के अन्य देशों पर हमले किये हैं. व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.81 प्रतिशत का गोता लगाया, जबकि मिडकैप 1.67 प्रतिशत के नुकसान में रहा. बीएसई में सूचीबद्ध 3,561 शेयरों में गिरावट आई जबकि 821 शेयर लाभ में रहे. वहीं 146 शेयर के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ. एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की, हांगकांग का हैंग सेंग नुकसान में रहे, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट बढ़त में रहा. दक्षिण कोरिया में अवकाश के कारण शेयर बाजार बंद रहे. यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में भारी गिरावट देखी गई. अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे. जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने वैश्विक बाजारों को अस्थिर कर दिया है. ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या के मद्देनजर स्थिति के बिगड़ने को लेकर चिंताएं हैं.'' उन्होंने कहा, ''कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और कमजोर भारतीय मुद्रा तेल आपूर्ति में संभावित व्यवधानों को लेकर चिंता को दर्शाती है. इससे भारत में मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ सकता है और राजकोषीय व्यवस्था प्रभावित हो सकती है. साथ ही ऊर्जा और रसायन पर निर्भर क्षेत्रों के मार्जिन पर दबाव पड़ सकता है.'' शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,536.36 करोड़ रुपये के शेयर बेचे. वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 12,292.81 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे. शुक्रवार को सेंसेक्स 961.42 अंक टूटा था. जबकि निफ्टी 317.90 अंक के नुकसान में रहा था. होली के अवसर पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे.



### शेयर बाजार में भारी गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 6.59 लाख करोड़ रुपये घटी

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण सोमवार को शेयर बाजार में आई भारी गिरावट से निवेशकों की संपत्ति में 6.59 लाख करोड़ रुपये घट गई. भू-राजनीतिक अस्थिरता के चलते बाजार धारणा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा. बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,743.46 अंक या 3.37 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 78,543.73 अंक पर आ गया था. हालांकि, बाद में यह 1,048.34 अंक या 1.29 प्रतिशत टूटकर 80,238.85 अंक पर बंद हुआ. इस गिरावट के कारण बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,59,978.08 करोड़ रुपये घटकर 4,56,90,693.19 करोड़ रुपये रह गई.

## रुपया 42 पैसे की भारी गिरावट के साथ 91.50 प्रति डॉलर पर



**मुंबई:** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के कारण वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा प्रबल होने से सोमवार को रुपया 42 पैसे की भारी गिरावट के साथ 91.50 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ. इन सैन्य हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और अमेरिकी मुद्रा की मांग में तीव्र वृद्धि हुई है. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी ने भारतीय मुद्रा पर दबाव को और बढ़ा दिया. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.23 पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 91.65 का निचला स्तर छुआ. अंत में रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 42 पैसे की बड़ी गिरावट दर्ज करते हुए 91.50 (अस्थायी) पर बंद हुआ. शुक्रवार को रुपया 17 पैसे टूटकर 91.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था. मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि सप्ताहांत में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद वैश्विक बाजारों में उपजी अनिश्चितता के कारण रुपये में लगभग आधा प्रतिशत की गिरावट आई. उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में रातों-रात हुई वृद्धि ने रुपये पर दबाव डाला. फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख अनिल कुमार भंसाली के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 91.46/47 के स्तर पर 'हस्तक्षेप' ने रुपये को 91.50 के स्तर पर सुरक्षा प्रदान की. इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.67 प्रतिशत बढ़कर 98.22 पर रहा.

## टाटा स्टील जमशेदपुर संयंत्र में 11,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी: चंद्रशेखरन

**रांची:** इस्पात उत्पादक टाटा स्टील झारखंड के जमशेदपुर संयंत्र में उन्नत ग्रेड के इस्पात के विकास के लिए 11,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को यह जानकारी दी. चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी. वी. नरेंद्रन के साथ मंच साझा करते हुए कहा कि टाटा समूह द्वारा विकसित यह उन्नत इस्पात प्रौद्योगिकी अन्य इस्पात विनिर्माताओं के लिए भी लाभकारी होगी. उन्होंने कहा, टाटा स्टील झारखंड में 11,000 करोड़ रुपये का निवेश कर उन्नत हरित इस्पात प्रौद्योगिकी विकसित करेगी. यह प्रौद्योगिकी कम-कार्बन उत्पादन पर आधारित है. इसके अलावा, टाटा मोटर्स भी जमशेदपुर संयंत्र में हाइड्रोजन-चालित ट्रक के विकास में निवेश करेगी. चंद्रशेखरन ने कहा कि हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रक में निवेश रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है और इसका दायरा घरेलू एवं वैश्विक कंपनियों के लिए बड़ा अवसर प्रदान करता है. उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री सोरेन के सुझाव पर टाटा समूह झारखंड के समग्र विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश संभावनाओं की पड़ताल करने के लिए विशेषज्ञों का एक पैनल भी गठित करेगा.

## न्यूज कॉर्नर

### धर्मसभा भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह गयाजी विधायक डॉ प्रेम कुमार ने अपने कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों के साथ गया टाउन स्थित धर्मसभा भवन में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे.इस अवसर पर डॉ प्रेम कुमार ने सभी के साथ गुलाल खेलकर होली की खुशियां साझा कीं तथा मिठाइयां बांटकर आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया.उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को सुदृढ़ करने का अवसर है.यह पर्व हमें भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे के साथ प्रेमपूर्वक रहने की प्रेरणा देता है.उन्होंने कहा कि गया की गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक एकता की परंपरा को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है.समाज में आपसी सहयोग, सौहार्द और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है.कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं.पूरे परिसर में उत्साह, उल्लास और भाईचारे का वातावरण बना रहा.इस अवसर पर प्रेम सागर, कौशल प्रताप, अनूप केडिया, विपेंद्र अग्रवाल, वेंकटेश प्रपन्नाचार्य, सुनील कुमार सिन्हा, पप्पू चंद्रवंशी, राजनंदन गांधी, विकास कुमार, विक्की शर्मा, डब्लू राय, देवानंद पासवान, धीरेंद्र धीरू, हरि यादव, सूरज राणा, टिंकू गोस्वामी, राजेश मस्तान, सरयू रजक, अशोक साहनी, अनिल गुप्ता, निशांत कुमार, ऋषि लोहानी, सोनू कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

### आगलगी की घटना से पीड़ित परिवार की अंचलाधिकारी ने दिया 16 हजार का चेक

**युवा शक्ति न्यूज**
**वजीरगंज(गया) :** प्रखंड के करजरा पंचायत स्थित इटवां गांव निवासी प्रमोद मांझी को आगलगी की घटना के नौ महीने बाद अंचलाधिकारी प्रकाश कुमार के द्वारा सोमवार को अंचल कार्यालय में 16 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया.पीड़ित ने बताया कि 30 अप्रैल 2025 को उसके घर में शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई थी, जिससे घर में रखे घरेलू समान जलकर राख हो गया था. जिसके बाद अंचल कार्यालय वजीरगंज में सरकारी सहायता हेतू आवेदन दिया गया था.अंचल नाजिर ने बताया कि आवश्यक कागजी कार्रवाई पुरा होने के बाद सोमवार को चेक दिया गया है, ताकि पीड़ित परिवार को कुछ सहायता हो सके.

### 31 बोतल शराब बरामद

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** पूर्व मध्य रेलवे डीडीयू मंडल रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया द्वारा ऑपरेशन सतर्क के तहत एक बड़ी कार्रवाई की गई है.इस कार्रवाई में गया स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में एक लावारिस पिट्ठू बैग और एक बलू रंग का झोला बरामद किया गया है, जिसमें 5 बोतल रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की, 13 बोतल रॉयल स्टैग बैरल सेलेक्ट व्हिस्की और 18 टेट्रा पैक ऑफिसर चॉइस व्हिस्की शामिल हैं.बरामद शराब की कुल मात्रा 13.490 लीटर है और इसकी कीमत 13740 है.इस मामले में जीआरपी थाना गया में अज्ञात के विरुद्ध कांड संख्या 59/26 दिनांक 02.03.26 अंतर्गत धारा 30 (र) बिहार मध निषेध उत्पाद अधिनियम पंजीकृत किया गया है.यह कार्रवाई उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, आरक्षी देवेंद्र प्रसाद, आरक्षी अनिल प्रसाद, आरक्षी विकाश कुमार, आरक्षी आर के सिंह, आरक्षी शशि शेखर और अन्य अधिकारियों ने की है.

### जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के द्वारा सोमवार को जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई. जिसमें फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए.एसएसपी सुशील कुमार के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए.

### छापेमारी के दौरान कुल 449.5 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** उत्पाद थाना शेरघाटी की टीम ने डोभी थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है.छापेमारी के दौरान कुल 449.5 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई तथा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया.प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग की टीम ने डोभी थाना अंतर्गत करमौनी (पडरी मोहल्ला) एवं करमौनी गांव स्थित शिव मंदिर से दक्षिण करीब 100 मीटर की दूरी पर छापेमारी की.गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में मौके से कुल 986 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 449.5 लीटर बताई गई है.कार्रवाई के दौरान धर्मेन्द्र यादव उर्फ कुटुम जी (35 वर्ष), पिता भोला प्रसाद यादव, निवासी भुरकुण्डा, थाना बाराचटी, जिला गया को गिरफ्तार किया गया.उत्पाद विभाग ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.इस छापामार दल का नेतृत्व अवर निरीक्षक स्नेहा कुमारी कर रही थीं.टीम में सहायक अवर निरीक्षक मो0 हाबिल, अनिल कुमार सिंह, मद्यनिषेध सिपाही मोहित कुमार, अनुभा कुमारी, निक्की कुमारी सहित गृह रक्षक रवि कुमार, पिंटू कुमार, मो0 फिरदौस, रोहित कुमार, सतेन्द्र कुमार, चंदन कुमार एवं प्रवीन कुमार शामिल थे.उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### फिर गरमाया गोरखालैंड का मुद्दा, नितिन नवीन से मिले गोरखा नेता




**दार्जिलिंग :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले गोरखालैंड का मुद्दा फिर सियासी चर्चा में है. सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय स्तर के नेता नितिन नवीन के साथ हुई बैठक में गोरखा समुदाय के प्रतिनिधियों ने अपनी पुरानी मांगों को सामने रखा.गोरखा नेताओं ने साफ कहा कि यदि गोरखालैंड का गठन संभव नहीं है, तो उत्तर बंगाल को केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाए. यह बैठक बंगाल भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' के सिलसिले में सिलीगुड़ी में हुई, जहां गोरखा समुदाय के प्रतिनिधियों ने नितिन नवीन का पारंपरिक गोरखा टोपी पहनाकर स्वागत किया.बैठक में गोरखा समुदाय ने पहाड़ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि वर्ष 2007 के आंदोलन के बाद गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) का गठन हुआ, लेकिन समाधान नहीं हो सका. गोरखालैंड की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत गोरखा समुदाय का कहना है कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है.राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्य विभाजन का सवाल भाजपा के लिए भी संवेदनशील है, फिर भी इस बार गोरखाओं ने वैकल्पिक तौर पर उत्तर बंगाल को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग उठाई है. बैठक के बाद दार्जिलिंग से भाजपा विधायक नीरज जिम्बा ने कहा कि जब गोरखाओं के साथ बैठक होगी, तो गोरखालैंड का मुद्दा उठना स्वाभाविक है. दार्जिलिंग से भाजपा सांसद राजू बिस्ता ने कहा कि हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है.भाजपा चाहती है कि सभी समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो. 2026 में अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो पहाड़ की समस्या का स्थायी समाधान जरूर होगा. सिलीगुड़ी से भाजपा विधायक शंकर घोष ने कहा कि बैठक में क्या चर्चा हुई, इसकी पूरी जानकारी उन्हें नहीं है, लेकिन पार्टी संतुलन बनाए रखते हुए पहाड़ की समस्या का समाधान खोजेगी.उल्लेखनीय है कि, पहाड़ी इलाकों में भाजपाको लंबे समय तक समर्थन मिला है और दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर पार्टी लगातार जीत दर्ज करती रही है. इसके बावजूद गोरखा समुदाय का आरोप है कि उनकी मांगें अब तक पूरी नहीं हुईं. इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा मध्यस्थ नियुक्त किए जाने के बाद नितिन नवीन की यह बैठक सियासी रूप से काफी अहम मानी जा रही है.

# महिला सशक्तिकरण का नया दौर, बिहार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला रोजगार उत्सव

**युवाशक्ति न्यूज पटना:** 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के मद्देनजर महिला रोजगार दिवस के रूप में मनाया जाएगा. इसके तहत 08 मार्च को सभी जिला मुख्यालयों पर रोजगार उत्सव के रूप में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में महिला उद्यमी-जीविका दीदी बड़ी संख्या में मौजूद होंगी जहां महिला रोजगार और उसकी प्रगति को लेकर चर्चा की जाएगी. ग्रामीण विकास विभाग की ओर से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के तहत विभागीय मंत्री श्री श्रवण कुमार नालंदा जिला के मुख्यालय में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करेंगे.वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद महिला सशक्तिकरण पर कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए. इसमें मुख्य रूप से वर्ष 2006 में विश्व बैंक से ऋण लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह के रूप में जीविका का गठन किया गया. अभी तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर 11 लाख 82 हजार से भी अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है. इन समूहों से राज्य भर में एक करोड़ 80 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं. जीविका समूह से जुड़ीं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की ही मंशा से 29 अगस्त 2025 को राज्य में मुख्यमंत्री रोजगार योजना का शुभारंभ किया गया. इसके तहत पहली बार 26 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों राज्य में 75 लाख महिलाओं के खातों में प्रति लाभुक 10 हजार के हिसाब से 7500



करोड़ रुपए अंतरित किए गए.मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा निम्नांकित तिथियों को डीबीटी के माध्यम से 10-10 हजार रूपया महिलाओं के खाता में हस्तांतरित किया गया - 03 अक्तूबर 2025 को 25 लाख लाभुकों के खाते में 2500 करोड़- 06 अक्तूबर 2025 को 21 लाख लाभुकों को 2100 करोड़ - 24 अक्तूबर 2025 को 25 लाख लाभुकों के खाते में 2500 करोड़- 28 नवंबर 2025 को 10 लाख लाभुकों के खाते 1000 करोड़ - 16 फरवरी 2026 को 25 लाख लाभुकों के खाते में 2500 करोड़योजना शुरू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य है कि घरों में अभी तक चूल्हा-चौका तक सीमित महिलाएं खुद के स्तर पर छोटा-मोटा रोजगार शुरू करेंगी और इससे उनके लिए आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का नया रास्ता खुलेगा. सरकार का यह प्रयोग काफी सफल रहा. जिस भी महिला के खाते में 10 हजार रुपए की राशि अंतरित की गई, उनमें से अधिकांश ने खुद का रोजगार शुरू कर लिया है. योजना की सफलता को देखते हुए सरकार ने अलग-अलग छह बार में राज्य के करीब एक करोड़ 81 लाख महिलाओं में अभी तक प्रति महिला 10 हजार रुपए के हिसाब से 18 हजार 100 करोड़ रुपए अंतरित किए हैं. ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार का कहना है कि रोजगार के लिए खातों में भेजी गई राशि से जिन महिलाओं ने खुद का रोजगार शुरू कर लिया है, समीक्षा के बाद उनके कारोबार की उन्नति के लिए सरकार पुनः दो लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता देगी. उन्होंने कहा कि देश में बिहार ऐसा एक राज्य है जहां महात्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन से आधी आबादी तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर अपना पांव बढ़ा रही है. महिलाओं को रोजगार की सहूलियत में अलग-अलग स्तर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है. साथ ही उन्हें सरकार से मिलने वाली मदद को लेकर जागरूक किया जा रहा है.

## सीयूएसबी के आईआईसी–बौद्धिक संपदा अधिकार समिति द्वारा जीआई पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

**युवा शक्ति न्यूज**
**टिकारी(गया) :** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के इंस्टीटूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के अंतर्गत गठित इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स कमिटी द्वारा भौगोलिक संकेत (जीआई) एवं जीआई आवेदन का प्रारूपण विषय पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया.कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र, शोधार्थी एवं संकाय सदस्य सम्मिलित हुए.कार्यक्रम के संयोजक द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य एवं समकालीन बौद्धिक संपदा कानून में भौगोलिक संकेतों की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया.मुख्य वक्ता के रूप में बौद्धिक संपदा अधिकारों के विशेषज्ञ अधिवक्ता श्री अमरजीत खरब ने अपने संबोधन में भौगोलिक संकेतों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सैद्धांतिक आधार तथा भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विधिक ढांचे में उनके विकास पर विस्तार से चर्चा की.उन्होंने जीआई को एक महत्वपूर्ण बौद्धिक संपदा अधिकार बताते हुए उत्पाद की विशिष्ट गुणवत्ता और उसके भौगोलिक क्षेत्र के बीच संबंध को स्पष्ट किया. व्याख्यान का प्रमुख आकर्षण जीआई आवेदन के प्रारूपण की प्रक्रिया रही.वक्ता ने भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री द्वारा निर्धारित प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं, आवेदन में सम्मिलित किए जाने वाले अनिवार्य घटकों जैसे उत्पाद का विस्तृत विवरण, उत्पत्ति का प्रमाण, भौगोलिक मानचित्र, विशिष्ट विशेषताएँ तथा सहायक दस्तावेज़ पर विस्तार से जानकारी दी.उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों के अनुरूप, सटीक एवं प्रमाणिक दस्तावेज़ीकरण से ही आवेदन की स्वीकृति सुनिश्चित की जा सकती है.कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी सत्र में प्रतिभागियों ने जीआई पंजीकरण से संबंधित प्रक्रियात्मक एवं व्यावहारिक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान वक्ता द्वारा सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से किया गया.कार्यक्रम का समापन संकाय समन्वयक डॉ. अनुराग अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ.
उन्होंने कहा कि आईआईसी के अध्यक्ष प्रोफेसर वेंकटेश सिंह के मार्गदर्शन एवं सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो सका.यह कार्यशाला भौगोलिक संकेतों की अवधारणा तथा उनसे जुड़ी विधिक एवं प्रक्रियात्मक समझ को सुदृढ़ करने की दिशा में विश्वविद्यालय समुदाय के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई.

### शब्दवीणा की रंगोत्सव काव्यगोष्ठी होली का त्योहार सुहाना में उड़े कविताओं के गुलाल

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया जी :** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की हरियाणा प्रदेश समिति की फरीदाबाद जिला इकाई के संयोजन में होली का त्योहार सुहाना रंगोत्सव काव्यगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें कवि-कवयित्रियों ने होली पर रचित भाव-सुगंधित गीतों व कविताओं के गुलाल उड़ाकर एक दूसरे को होली की बधाइयाँ दीं.काव्यगोष्ठी का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष कवि महेश चंद्र शर्मा राज ने सरस्वती वंदना कर जोड़ बुलाता हूँ चली आना मैया जी द्वारा किया. राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने शब्दवीणा गीत गाया.कार्यक्रम संचालिका हरियाणा प्रदेश सचिव कवयित्री सरोज कुमार ने मंचासीन रचनाकारों का अभिनंदन किया.काव्यगोष्ठी में महेश चंद्र शर्मा राज, डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, सरोज कुमार, जैनेन्द्र कुमार मालवीय, पंकज मिश्र, मधु वशिष्ठ, डॉ विकास शुक्ल, कीर्ति यादव, विनीता सिंह, संजय जैन बीना, रमेश चंद्र, सुरेश विद्यार्थी ने होली पर एक से बढ़कर एक रचनाएँ पढ़ीं.डॉ रश्मि के होली गीत वासंती बयार बहने लग गई, कोकिला गाई रे.रंग-बिरंगी खुशियाँ लेकर आई, होली आई रे, एवं बनी राधिका रानी धरती, नीलगगन घनश्याम, होली की है धूम मची, जग की शोभा अभिराम को खूब वाहवाहियाँ मिलीं.महेश चंद्र शर्मा राज के कान्हा आ जइयो बरसाने, तो संग खेलूंगी होली सुनकर सभी झूम उठे. जैनेन्द्र कुमार मालवीय की जबरन रंग लगाकर कहते, बुरा न मानो होली है एवं आओ आज बहा लें फिर से रंगों की पावन धारा को भी खूब सराहा गया.कीर्ति यादव की कान्हा होली खेलन को, वृंदावन बुला लेना, सरोज कुमार की होली, होली, होली हो गई.उड़े गुलाल, रंगोली हो गई, संजय जैन बीना की खेलें मिलकर होली, राधा-किशन-सी हमजोली, मधु वशिष्ठ की होली पर तुम आ जाना, इंतजार है तुम्हारा, एवं विनीता सिंह की फागुन आया, खुशियाँ लाया.सूनी गलियाँ हँसने लगीं, रंगों में दुनिया बसने लगी पर खूब तालियाँ बजीं.कविता बर्बाद होली द्वारा डॉ रश्मि ने होली की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा, सज्जनता की जगह अगर केवल फूहड़ता याद रही.समझो ऐसी होली होली होकर भी बर्बाद रही. पंकज मिश्र, सुरेश विद्यार्थी एवं रमेश चंद्र ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं.काव्यगोष्ठी का सीधा प्रसारण फेसबुक पर शब्दवीणा केन्द्रीय पेज से किया गया.कार्यक्रम का समापन पावन शांति पाठ से हुआ.

### बक्सा जंगल में शिकार की कोशिश नाकाम

**अलीपुरद्वार :** दोल उत्सव से ठीक पहले बक्सा टाइगर रिजर्व के जंगल में शिकार करने घुसे चार लोगों को वन विभाग की एंटी-पोचिंग टीम ने गिरफ्तार कर लिया है. यह कार्रवाई रविवार देर को वोल्का रेंज के च्यांगमारी बीट क्षेत्र में की गई. हालांकि, असम की ओर फरार हो गए.बक्सा टाइगर रिजर्व है.

## खड़गपुर में होली और दोल की धूम

**खड़गपुर :** पश्चिम बंगाल का 'छोटा भारत' कहे जाने वाला औद्योगिक शहर खड़गपुर इन दिनों रंगों के महापर्व होली और गौरांग महाप्रभु की परंपरा 'दोल उत्सव' की तैयारियों में पूरी तरह सराबोर है. 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के समापन और वसंत ऋतु के आगमन के साथ शहर के बाजारों में विशेष चहल-पहल देखी जा रही है. प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों से लेकर देवालयों तक उत्सव का उल्लास स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता है.गोल बाजार, गेट बाजार, नया बाजार, निमपुरा बाजार, इंदा बाजार तथा खरीदा बाजार में सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है. सोमवार सुबह गेट बाजार में रंगों की दुकान लगाने वाले स्थानीय व्यवसायी सुमित सोनकर ने बताया कि 12वीं की परीक्षा समाप्त होते ही बाजार में काफी तेजी आई है. युवाओं और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से अबीर-गुलाल, पिचकारी और अन्य सामग्रियों की बिक्री में वृद्धि हुई है. पारंपरिक लाल, गुलाबी, पीले और हरे रंगों के साथ सांस्कृतिक प्रतीक रंगों की ओर भी लोगों का रुझान बढ़ा है.तिरंगे के रंगों वाली पिचकारियां और हर्बल गुलाल भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं.

### डीएम ने 100 से अधिक आमजन से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान किया

**युवा शक्ति न्यूज**
**गयाजी :** राज्य सरकार के आदेशानुसार सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाईयों को कम कर उनके जीवन को और आसान बनाने के उद्देश्य से सोमवार को शशांक शुभंकर द्वारा समाहरणालय सभागार में लगभग 100 से अधिक आमजन से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान किया गया.विदित हो कि प्रत्येक सप्ताह के दो कार्यदिवस (सोमवार एवं शुक्रवार) को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोग अपनी शिकायतों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी से उनके निर्धारित कार्य-स्थल/कार्यालय कक्ष में निर्धारित अवधि में मिल रहे हैं.डीएम ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशों एवं उद्देश्यों के अनुरूप जिला प्रशासन, गया द्वारा पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुदृढ़ करने के लिए समय-समय पर महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है.

## वार्षिक होली मिलन समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ

**कुल्टी :** राष्ट्रीय मोदी बरनवाल विकास संघ की कुल्टी इकाई द्वारा कुल्टी क्लब प्रांगण में वार्षिक होली मिलन समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ. कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, पदाधिकारियों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही.कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि विशिष्ट समाजसेवी एवं कुल्टी मदद फाउंडेशन के संस्थापक रवि शंकर चौबे तथा आसनसोल नगर निगम के 71 नंबर वार्ड की पार्षद सह बोरों चेयरमैन शताब्दी भंडारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया . उद्घाटन के पश्चात अतिथियों को मोदी समाज द्वारा मोमेंटो , पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया.इस अवसर पर सम्मानित अतिथियों के रूप में दुर्गापुर से कपिलदेव वर्णवाल, उखड़ा से सीताराम बरनवाल, नियामतपुर से मनोज बरनवाल तथा यूको बैंक कुल्टी शाखा के महाप्रबंधक नवीन बरनवाल , विशेष रूप से उपस्थित रहे. सभी अतिथियों ने समाज की एकता, शिक्षा एवं संगठनात्मक मजबूती पर अपने विचार व्यक्त किए.कार्यक्रम का



शुभारंभ राष्ट्रगीत के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रकट किया.
तत्पश्चात स्वागत गान के साथ आदिपुरुष महाराजा अहिबरण जी को पुष्पांजलि अर्पित कर समाज की समृद्ध परंपरा को नमन किया गया.
इसके उपरांत कुल्टी समाज के सम्मानित बुजुर्गों को मंच पर आमंत्रित कर शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया. विभिन्न स्थानों से पधारे अतिथियों को भी संघ की ओर से सम्मानित किया गया. मंच से समाज के उत्थान, शिक्षा के प्रसार और युवाओं के मार्गदर्शन पर विशेष बल दिया गया.कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम के सुपुत्र लव-कुश की कथा पर आधारित भावपूर्ण नृत्य-नाटिका रही, जिसका सफल संचालन प्रतिभाशाली छात्राएं काजल मोदी एवं ज्योति मोदी ने किया.
उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया. इसके अतिरिक्त अन्य बाल कलाकारों ने भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया.मंच संचालन का दायित्व शनि मोदी ने कुशलता पूर्वक निभाया. कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय मोदी बरनवाल विकास संघ के विकास कार्यों में विशिष्ट योगदान हेतु राष्ट्रीय महासचिव प्रेमलाल वर्णवाल, राष्ट्रीय सचिव महेंद्र मोदी, कुल्टी इकाई उपाध्यक्ष दिलीप लाल बरनवाल, सचिव रबी मोदी, कोषाध्यक्ष रघु मोदी एवं संगठन मंत्री राजू मोदी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया.
अपने संबोधन में राष्ट्रीय सचिव महेंद्र मोदी ने पारिवारिक जीवन में संवाद, संस्कार और सामंजस्य की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी से यह संकल्प दिलाया.
कि परिवार में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर पहले घर एवं समाज स्तर पर समाधान का प्रयास किया जाएगा. वहीं राष्ट्रीय महासचिव प्रेमलाल वर्णवाल ने वर्ष 2027 में धर्मशाला निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ कर कम से कम एक सभागार (हॉल) के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया.
कार्यक्रम के समापन पर सभी ने अबीर-गुलाल एवं पुष्पों के साथ पारंपरिक होली खेली. सामूहिक नृत्य, हंसी-खुशी और स्वादिष्ट भोजन के साथ समारोह का आनंद लिया गया.अंत में राष्ट्रीय मोदी बरनवाल विकास संघ, कुल्टी इकाई की ओर से उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, समाज के वरिष्ठजनों, माताओं, बहनों एवं युवाओं के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया गया. तथा भविष्य में भी इसी प्रकार समाज को एकजुट रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया.

### तेघड़ा के विधायक रजनीश कुमार ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



**तेघड़ा/बेगूसराय (युवा शक्ति) :** तेघड़ा के भाजपा विधायक रजनीश कुमार ने सोमवार को बेगूसराय सिंघौल स्थित हर्ष गार्डेन में भव्य और रंगारंग होली मिलन समारोह आयोजित किया. होली मिलन समारोह में तेघड़ा विधानसभा सहित जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपसी प्रेम सौहार्द भाईचारा का परिचय दिया. तेघड़ा के विधायक रजनीश कुमार ने होली मिलन समारोह में पहुंचे सभी लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया.

## विभाग के छात्रों ने केंद्रीय खनन अनुसंधान संस्थान एवं कोल लिमिटेड की कोयला खदानों का किया भ्रमण

**युवा शक्ति न्यूज**
**टेकारी(गया) :** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा एमएससी एनवायर्नमेंटल साइंस (द्वितीय सेमेस्टर) के विद्यार्थियों के लिए धनबाद का दो दिवसीय शैक्षिक प्रयोगशाला एवं क्षेत्रीय भ्रमण सोमवार को आयोजित किया.कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के अनुमोदन पर विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार रंजन तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. सोमा गिरी ने नेतृत्व में छात्रों ने सीएसआईआर केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) तथा भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) द्वारा संचालित कोयला खनन क्षेत्र का क्षेत्रीय दौरा किया.जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य पर्यावरण प्रबंधन, सतत खनन पद्धतियों, उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों तथा औद्योगिक सुरक्षा प्रणालियों के प्रति विद्यार्थियों की व्यावहारिक समझ को सुदृढ़ करना था.विस्तृत जानकारी देते हुए प्रो. राजेश कुमार रंजन ने बताया कि सीएसआईआर - सीआईएमएफआर में विद्यार्थियों ने पर्यावरण प्रबंधन एवं स्थिरता प्रभाग का अवलोकन किया, जहाँ उन्हें प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों, खदान पुनर्वास रणनीतियों, अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियों तथा संसाधनों के सतत उपयोग के बारे में जानकारी प्राप्त हुई. उन्हें यूवी - विज़िबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, कोल्ड सेंट्रीफ्यूज, सॉयल डाइजेस्टर, फोटोकैटलिटिक रिएक्टर, मेम्ब्रेन कास्टिंग मशीन तथा सांद्रता ग्रेडिएंट फॉरवर्ड ऑस्मोसिस मेम्ब्रेन प्रणालियों जैसे उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरणों से परिचित कराया गया.इसके अतिरिक्त एएएस, आईसीपी - एमएस, आयन क्रोमैटोग्राफी, एचपीएलसी तथा गैस क्रोमैटोग्राफी जैसे उन्नत उपकरणों का प्रदर्शन किया गया, जिनके पर्यावरणीय विश्लेषण एवं निगरानी में उपयोग पर विशेष बल दिया गया.इस दौरान विद्यार्थियों ने इंटेलिजेंट माइनिंग सिस्टम्स तथा फ्लेम प्रूफ एवं उपकरण सुरक्षा प्रयोगशालाओं का भी भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने खतरनाक खनन परिस्थितियों के लिए विकसित स्वचालन तकनीकों एवं सुरक्षा अनुपालन तंत्रों का अवलोकन किया.
उन्हें माइनिंग मेथड्स एवं जियोमैकेनिक्स प्रयोगशाला में परत नियंत्रण (स्ट्राटा कंट्रोल) एवं शैल यांत्रिकी का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ.आगे वायर रोप एवं विद्युत अभियांत्रिकी प्रयोगशाला में तकनीकी ब्लॉक का अवलोकन कराया गया, जिसमें जर्मन तकनीक आधारित मशीन द्वारा 1000 टन तक के गतिशील एवं स्थिर भार पर वायर रोप परीक्षण की क्षमता प्रदर्शित की गई.
ओपन-कास्ट खनन स्थल एवं गोवर्धन इकोपार्क के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने खनन कार्यों, पर्यावरणीय शमन उपायों तथा पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पहलों को प्रत्यक्ष रूप से देखा.इस भ्रमण ने सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक अनुप्रयोग से प्रभावी रूप से समन्वय स्थापित किया.विभागाध्यक्ष प्रो रंजन ने सीएसआईआर - सीआईएमएफआर के निदेशक के साथ पर्यावरण प्रबंधन एवं स्थिरता अनुसंधान समूह के प्रमुख वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अभय कुमार सिंह, बीसीसीएल के निदेशक (तकनीकी) संचालन आदि को क्षेत्रीय भ्रमण को सुगमता से सम्पन्न करवाने के लिए आभार प्रकट किया.

रंग, रिश्ते और मानवता का संगम

# प्रेम मिलन कोलकाता का 300 बच्चों व बुजुर्गों के साथ भव्य होली प्रीति सम्मेलन आयोजित





युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता :** प्रेम मिलन कोलकाता द्वारा रविवार को कोलकाता में एक अनूठी और सराहनीय पहल के तहत 300 गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों तथा बुजुर्गों के साथ भव्य होली प्रीति सम्मेलन का आयोजन किया गया. रंगों के इस विशेष उत्सव ने न केवल होली की खुशियां बांटीं, बल्कि समाज में प्रेम, एकता, करुणा और मानवीय संवेदना का भी सशक्त संदेश दिया.कार्यक्रम का आयोजन संस्था की प्रमुख इकाई प्रेम मिलन नर्सिंग होम के सहयोग से किया गया. आयोजन स्थल को रंग-बिरंगे गुब्बारों, आकर्षक सजावट और होली के पारंपरिक रंगों से सुसज्जित किया गया था. प्रवेश द्वार से लेकर मंच तक हर ओर उत्सव का माहौल नजर आ रहा था. बच्चों के लिए विशेष रूप से बैलून, पिचकारी, रंग और गुलाल की व्यवस्था की गई थी.जैसे ही रंगों का कार्यक्रम शुरू हुआ, बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे. 300 बच्चों के बीच पिचकारी, बैलून, रंग और गुलाल वितरित किए गए. छोटे-छोटे हाथों में रंग भरी पिचकारी और चेहरे पर मुस्कान ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया. बच्चों ने एक-दूसरे पर रंग डालकर होली की मस्ती का भरपूर आनंद लिया. वहीं बुजुर्गों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर लगभग 500 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी. पूड़ी, आलू दम की सब्जी, पुलाव, दही बड़ा, भुजिया और गुलाब जामुन जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों से सजी थालियों ने सभी का मन मोह लिया. भोजन वितरण पूरी व्यवस्था और अनुशासन के साथ किया गया, जिसमें संस्था के स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही. कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों की टीम लगातार सक्रिय रही, ताकि किसी भी अतिथि को किसी प्रकार की असुविधा न हो. आयोजन में शामिल लोगों ने संस्था की इस पहल की जमकर सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया.संस्था के मुख्य कर्ताधर्ता चंद्रकांत सराफ ने इस अवसर पर कहा, हमारे लिए होली का वास्तविक अर्थ है-खुशियां बांटना और जरूरतमंदों के जीवन में रंग भरना. जब इन बच्चों और बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान देखता हूं, तो मन को अपार संतोष मिलता है. यही हमारी सबसे बड़ी कमाई है. उन्होंने आगे कहा कि प्रेम मिलन कोलकाता का उद्देश्य केवल त्योहार मनाना नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्ग को अपनेपन का अहसास कराना है. चंद्रकांत सराफ ने यह भी बताया कि संस्था भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और मानवीय कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी. उनका मानना है कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब हम सब मिलकर जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों के रंग भरें.यह होली प्रीति सम्मेलन केवल रंगों का उत्सव नहीं था, बल्कि रिश्तों और मानवता का भी संगम बना. यहां रंगों के साथ-साथ अपनापन, सम्मान और संवेदना भी खुलकर नजर आई. कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में प्रेम एवं भाईचारे का संदेश आगे बढ़ाने का संकल्प लिया.

# टमकोर परिषद का होली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न



**युवा शक्ति न्यूज/कोलकाता:** टमकोर परिषद का होली स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से गणपति वैंक्वेट 4ए, शॉर्ट स्ट्रीट में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरूआत में नमस्कार महामंत्र का संगान खुशबू छाजेड़,कनक गिडीया, लक्ष्मी गिडीया व गायत्री मंत्र का संगान खुशबू माखरिया ने की. संस्था के अध्यक्ष आलोक चोरड़िया ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारा टमकोर गांव (झूंझूनू, राजस्थान) आचार्य महाप्रज्ञ की जन्मभूमि है. हम होली मिलन समारोह के माध्यम से हमारी नयी पीढ़ी व गांव वालों के साथ एक दूसरे से परिचित होते हैं. बच्चों को आज गांव से जोड़ने की जरूरत है. इस अवसर पर महेश कुमार माखरिया, छत्र सिंह छाजेड, ललित गिडीया, रंजीत सिंह कोठारी, बाबूलाल बंका, सुनील गिडीया, श्रीचंद चोरड़िया, रतन लाल छाजेड आदि गांव के वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया गया. मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में जोधपुर से कुलदीप ओझा एण्ड ग्रुप के के सदस्यों ने अपने ढप व राजस्थानी लोक गीतों से व नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस अवसर पर प्रताप सिंह चोरड़िया,विजय सिंह टांटिया सेन कुमार भंसाली, अनिल माखरिया, राजेश गिडीया,बाबूलाल भंसाली आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने में जगत टांटिया, गोपाल बंका, महेन्द्र गिडीया, अशोक भंसाली, दीपक गिडीया आदि सदस्य रहे. कार्यक्रम का कुशल संचालन परिषद के मंत्री सुशील गिडीया ने किया.

शराब की महफिल में खूनी खेल

# दोस्त ने ही कर दी दोस्त की बेरहमी से हत्या

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना जिले के हाबरा थाना अंतर्गत बीरा नवपल्ली इलाके में दोस्ती के कत्ल का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की उसके ही दोस्तों ने कथित तौर पर हत्या कर दी. इस घटना से पूरे इलाके में भारी तनाव और सनसनी फैल गई है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान मंगल साधक (19) के रूप में हुई है. परिवार ने बताया कि उनका पैतृक घर न्यू बैरकपुर के लेनिनगढ़ इलाके में है, लेकिन मंगल पिछले कुछ समय से अपने मामा के घर रह रहा था. मृतक के भाई बाबुल साधक ने मीडिया को बताया कि रविवार रात करीब 9:30 बजे इलाके के ही दो युवक, टुकु और विजय, मंगल को घर से बुलाकर ले गए थे. आरोप है कि शराब पीने के बहाने मंगल को पास के एक केले के बागान में ले जाया गया. वहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद दोस्तों ने धार हथियार से मंगल के सिर और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार किए. अत्यधिक खून बहने के कारण मंगल की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की खबर मिलते ही हाबरा थाने की विशाल पुलिस टीम मौके पर पहुँची. पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हबरा स्टेट जनरल अस्पताल भेज दिया है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ जारी है. पुलिस का मानना है कि हत्या पूर्व नियोजित हो सकती है या नशे की हालत में उपजे विवाद का परिणाम. पुलिस मामले की तह तक जाने के लिए अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है. इलाके के लोगों ने इस घटना के बाद दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है.

# विश्व कप के टिकटों की कालाबाजारी, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता:** कोलकाता पुलिस ने ईडन गार्डन्स में भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जाने वाले टी20 विश्व कप मैच के टिकटों की कालाबाजारी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों को उस समय पकड़ा गया जब वे जनता को मैच के टिकट अधिक कीमत पर बेचने की कोशिश कर रहे थे. गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान मयंक धमानिया (31), आशीष बाग (58) और बिकाश सेठ (35) के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार, तीनों को स्टेडियम परिसर के पास चलाए गए एक अभियान के दौरान पकड़ा गया, जब वे बहुचर्चित क्रिकेट मैच से पहले अवैध रूप से टिकट बेचने की कोशिश कर रहे थे. इस अभियान के दौरान, पुलिस ने आरोपियों से पांच मैच टिकट जब्त किए. अधिकारियों ने बताया कि ये लोग कथित तौर पर टिकटों को आधिकारिक कीमत से काफी अधिक दामों पर बेच रहे थे, जिससे मैच के दौरान टिकटों की भारी मांग का फायदा उठाने का प्रयास किया जा रहा था. आरोपियों को बाद में हिरासत में लेकर मैदान पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया. प्रमुख खेल आयोजनों के दौरान टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के प्रयासों के तहत अधिकारियों ने कलकत्ता पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.




# सेंट्रल पार्क मेट्रो स्टेशन के बाहर छत की दीवार का हिस्सा टूटकर गिरा, सुरक्षा पर सवाल

**कोलकाता:** साल्टलेक में ग्रीन लाइन मेट्रो को लेकर यात्रियों की चिंता बढ़ गई है. सोमवार सुबह साल्टलेक स्थित कोलकाता मेट्रो की ग्रीन लाइन के सेंट्रल पार्क मेट्रो स्टेशन के बाहरी छत की दीवार का हिस्सा गिरने की घटना सामने आई. इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई. इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. मेट्रो सेवा की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार सुबह व्यस्त समय में स्टेशन के नीचे सड़क पर छत की दीवार का हिस्सा गिर पड़ा. कुछ जगहों पर स्टेशन के निचले हिस्से की सीमेंट परत भी उखड़ती दिखी. घटना के समय सड़क पर वाहनों की आवाजाही काफी अधिक थी. घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनज़र सड़क के प्रभावित हिस्से को घेर दिया गया. इसके साथ ही मेट्रो रेल प्रशासन को भी जानकारी दी गई. मेट्रो अधिकारियों और इंजीनियरों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया. मेट्रो सूत्रों के मुताबिक, यह जांच की जा रही है कि छत की दीवार का हिस्सा गिरने की वजह क्या थी. निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में कमी या रखरखाव में कोई चूक हुई.




पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/600, दिनांक 27.02.2026; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/सिग/टी/16/25-26/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: सियालदह मंडल में कृष्णनगर सिटी जंक्शन-लालगोला अनुभाग के विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्य के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। निविदा मूल्य: रु. 5,21,88,767.27; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 4,11,000; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: 12 महीने। निविदा जमा शुरू होने की तारीख: 12.03.2026; निविदा जमा करने की अंतिम तारीख: 26.03.2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदा बोली खुलने की तारीख: 26.03.2026 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंड: निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। पात्रता के वित्तीय मानदंड: निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज: जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। समतुल्य प्रकृति का कार्य: डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचएएसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग सम्मिलित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग। टिप्पणी: निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।

(SDAH-427/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन

# भारत-कनाडा के बीच 8 करार, 9 घोषणाएं

## व्यापार समझौते से जुड़े विषयों पर बनी सहमति

**नई दिल्ली:** भारत और कनाडा के बीच सोमवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए. वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गईं, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है. वार्ता में भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए विचारणीय विषय (टर्म ऑफ रेफरेंस) तय हुए. तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में भारत-कनाडा-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय समझौता हुआ. भारत को यूरेनियम की आपूर्ति के लिए वाणिज्यिक अनुबंध किया गया.



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई. वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया. दोनों नेताओं ने इसके बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया. इसमें प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के सहयोग को गति देने के लिए कार्नी की प्रशंसा की तो वहीं कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की. उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत किया और उनके प्रसिद्ध वाक्य की तर्ज पर कहा, हम आगे बढ़ेंगे, हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विकसित भारत 2047 और कनाडा स्ट्रॉन्ग के लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते.

विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत-कनाडा के बीच रक्षा डायलॉग और संसदीय मैत्री समूह की स्थापना की जाएगी और भारत-कनाडा सीईओ फोरम का पुनर्गठन होगा. कनाडा ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और इंटरनेशनल सोलर अलायंस में शामिल होगा. साथ ही भारत के सहयोग से कनाडा इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन में डायलॉग पार्टनर के तौर पर भी शामिल होगा. मंत्रालय के अनुसार भारत में संयुक्त दाल प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा. वहीं कनाडा आगामी 17-30 मार्च तक होने वाले भारत जनजातीय उत्सव-2026 में भागीदारी करेगा.

विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री के बीच इज़राइल-ईरान संकट पर चर्चा हुई. भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिंता जताई तथा सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव न बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया. संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर दिया गया.

अपराध के मुद्दे पर कुमारन ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच सुरक्षा सहयोग मजबूत हो रहा है. दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठकें दिल्ली और ओटावा में हुईं. आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह सक्रिय है. प्रत्यर्पण व कानूनी सहयोग पर चर्चा जारी है. नशीले पदार्थों और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने के लिए समन्वय बढ़ाने पर सहमति बनी.

## सुप्रीम कोर्ट ने एआई निर्मित फर्जी फैसलों पर निचली अदालत के भरोसा करने का लिया संज्ञान

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से कथित तौर पर तैयार किए गए काल्पनिक फैसलों पर भरोसा करने वाली निचली अदालत का संज्ञान लेते हुए कहा है कि इसके आधार पर निर्णय लेना कोई त्रुटि नहीं, बल्कि कदाचार के बराबर होगा. न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने कहा है कि वह मामले की विस्तार से पड़ताल करेगी. इसने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता तथा बार भारतीय विधिज्ञ परिषद को नोटिस जारी किया. अदालत ने इस मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान को भी नियुक्त किया है.



पीठ ने कहा, हम निचली अदालत के एआई निर्मित गैर-मौजूद, फर्जी या कृत्रिम कथित निर्णयों पर भरोसा करने का संज्ञान लेते हैं और इसके परिणामों तथा जवाबदेही की पड़ताल करना चाहते हैं क्योंकि इसका न्यायिक प्रक्रिया की शुचिता पर सीधा असर पड़ता है.

इसने 27 फरवरी के आदेश में कहा, सबसे पहले, हमें यह स्पष्ट करना होगा कि इस प्रकार के निराधार और फर्जी कथित फैसलों पर आधारित निर्णय लेना, निर्णय लेने में त्रुटि नहीं है. यह कदाचार होगा और इसके कानूनी परिणाम भुगतने होंगे. यह आवश्यक है कि हम इस मुद्दे की अधिक विस्तार से पड़ताल करें.

यह मुद्दा शीर्ष अदालत के समक्ष तब सामने आया जब वह आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के जनवरी के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी. शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला संस्थागत दृष्टि से काफी चिंता का विषय है. इसने कहा, अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल और भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) को नोटिस जारी करें. शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि उच्च न्यायालय ने आपत्ति पर विचार किया और पाया कि फैसले एआई द्वारा तैयार किए गए थे. इसने कहा कि सावधानी बरतने की चेतावनी देते हुए हाईकोर्ट ने मामले में गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने की कार्यवाही की और निचली अदालत के फैसले की पुष्टि करते हुए दीवानी पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया. इसके बाद, याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया.

## कुवैत ने तीन अमेरिकी एफ-15ई विमानों को गलती से मार गिराया : अमेरिकी सेना

**दुबई :** अमेरिकी सेना ने सोमवार को कहा कि ईरान की ओर से किए गए हमले के दौरान कुवैत ने तीन अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमानों को गलती से मार गिराया. अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने कहा कि इस लड़ाई में ईरानी विमानों, बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों के हमले शामिल थे. उसने कहा, कुवैती वायु रक्षा प्रणाली ने गलती से अमेरिकी वायु सेना के लड़ाकू विमानों को मार गिराया.



श्री श्याम मंदिर आलमबाजार द्वारा आयोजित मेला मेरे श्याम का...
फाल्गुन मेला 2026 पर
सुपरिचित समाजसेवी एवं उद्योगपति
श्री गिरधारी लाल गोयनका को समाज-रत्न से सम्मानित करते हुए मन्दिर के ट्रस्टी श्री गोविन्द मुरारी अग्रवाल।

## एयरस्पेस बंद होने से मराठवाड़ा के 61 लोग पश्चिम एशिया में फंसे

**छत्रपति संभाजीनगर:** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त रूप से हमला करने के बाद 'एयरस्पेस' बंद होने के कारण महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के कुल 61 लोग दुबई, बहरीन, कतर और अबू धाबी में फंसे हुए हैं. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी.



मंडल आयुक्तालय के एक अधिकारी ने बताया, ये 61 लोग पर्यटक हैं, जबकि कुछ काम के लिए खाड़ी देशों में गए हैं और कुछ के पास रेसिडेंट वीजा है. इन सभी ने मराठवाड़ा के छत्रपति संभाजीनगर, जालना, परभणी, नांदेड, हिंगोली, बीड और लातूर जिलों के प्रशासन को सूचित किया है.

उन्होंने बताया, मराठवाड़ा के ही हिस्से, धाराशिव जिले के लोगों का विवरण अभी तक नहीं आया है. नांदेड़ से सर्वाधिक 24 लोग फंसे हैं, जबकि लातूर के 12, बीड के 10, परभणी और जालना के छह-छह, छत्रपति संभाजीनगर के दो और हिंगोली के एक व्यक्ति के फंसे होने की जानकारी मिली है. इस बीच, ठाणे और पालघर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन दोनों जिलों में उन लोगों की मदद के प्रयास किये जा रहे हैं, जो ईरान संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में फंसे हैं.

अलग-अलग बयानों में, ठाणे कलेक्टर श्रीकृष्ण पांचाल और उनके पालघर समकक्ष इंदु रानी जाखड़ ने निवासियों से अपील की कि जो लोग या जिनके मित्र खाड़ी देशों में फंसे हैं, वे सुरक्षा अपडेट के लिए आधिकारिक माध्यमों से संपर्क बनाए रखें. बयान में यह भी अनुरोध किया गया है कि यहां के लोग विदेश में फंसे अपने रिश्तेदारों का विवरण जिला आपदा प्रबंधन केंद्रों को दें, ताकि दूतावासों से जानकारी का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित कियाजा सके.

## आबकारी मामले में केजरीवाल, अन्य को बरी करने का विशेष अदालत का आदेश अवैध : सीबीआई

**नई दिल्ली:** आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य को बरी करने वाले विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए, सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में दलील दी कि यह आदेश अभियोजन पक्ष के मामले की चुनिंदा व्याख्या पर आधारित था, जिसमें आरोपियों की संलिप्तता दर्शाने वाली सामग्री को नजरअंदाज किया गया था, और यह स्पष्ट रूप से अवैध था.



हाईकोर्ट के समक्ष अपनी 974 पृष्ठों की याचिका में, सीबीआई ने कहा कि विशेष न्यायाधीश ने अनिवार्य रूप से एक संक्षिप्त सुनवाई की, जिसमें आरोपियों के कार्यों का समग्र रूप से आकलन करने के बजाय साजिश के अलग-अलग पहलुओं से अलग-अलग निपटा गया. इस आदेश को विकृत बताते हुए एजेंसी ने कहा कि इसमें स्पष्ट त्रुटियां हैं, यह तथ्यों की गलत व्याख्या पर आधारित है और आरोप तय करने के चरण से संबंधित सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों/निर्देशों का उल्लंघन करता है.

विशेष अदालत ने शुक्रवार को शराब नीति मामले में केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को सीबीआई द्वारा दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेने से इनकार करते हुए बरी कर दिया था.इस मामले में जिन 21 लोगों को क्लीन चिट दी गई है, उनमें तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के. कविता भी शामिल हैं. विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने जांच में कमियों के लिए सीबीआई को फटकार लगाते हुए कहा था कि केजरीवाल के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है और सिसोदिया और अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है. कुछ ही घंटों के भीतर, सीबीआई ने तत्काल पुनरीक्षण याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में इस आदेश को चुनौती दी. इस मामले की सुनवाई नौ मार्च को होगी.

सीबीआई ने कहा, जिस आदेश को चुनौती दी गई है, वह स्पष्ट रूप से अवैध, विकृत और त्रुटियों से ग्रस्त है. मामले के तथ्यों को सही परिप्रेक्ष्य में समझने में न केवल असमर्थता हुई है, बल्कि माननीय विशेष न्यायाधीश की इस विफलता के कारण जांच एजेंसी और जांच अधिकारी दोनों के विरुद्ध प्रतिकूल टिप्पणियां भी की गई हैं, जो निराधार और समझ से परे हैं.




# खामेनेई की हत्या के विरोध में कश्मीर में प्रदर्शन

## लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध, मोबाइल इंटरनेट की गति धीमी की गई

**श्रीनगर:** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में कश्मीर के कई हिस्सों में सोमवार को विरोध प्रदर्शन के कारण प्राधिकारियों ने लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया और मोबाइल इंटरनेट की गति धीमी कर दी. अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हवाई हमलों में रविवार को खामेनेई की मौत हो गई, जिसके विरोध में कश्मीर घाटी में लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन हो रहे हैं. अधिकारियों के अनुसार, शहर के बेमिना, गुंड हसीभट और जहांगीर चौक इलाकों में तथा दक्षिण कश्मीर के पुलवामा कस्बे में विरोध प्रदर्शन भड़क उठे. शिया बहुल इलाकों में सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हुए. उन्होंने सड़कों पर मार्च किया और अमेरिका तथा इजराइल के विरोध में नारेबाजी की. कुछ क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हल्के बल का प्रयोग किया. विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए कश्मीर के कुछ हिस्सों में लोगों की आवाजाही पर कड़ी पाबंदियां लगा दी गई हैं.

अधिकारियों ने बताया कि लाल चौक स्थित प्रतिष्ठित घंटाघर को चारों ओर अवरोधक लगाकर सील कर दिया गया. प्रदर्शनकारियों के जमावड़े को रोकने के लिए शहर भर में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों को तैनात किया गया. अधिकारियों ने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर ये प्रतिबंध लगाए गए हैं. उन्होंने बताया कि शहर में प्रवेश करने वाले महत्वपूर्ण चौराहों पर कंटीले तार और अवरोधक लगाए गए हैं. घाटी के अन्य जिलों में शिया बहुल क्षेत्रों में भी इसी तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं.



ये प्रतिबंध मुताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक द्वारा दिए गए एक दिवसीय हड़ताल के आह्वान के मद्देनजर लगाए गए हैं. मीरवाइज ने कहा, हम लोगों से आग्रह करते हैं कि वे एकता और शांति के साथ इसमें शामिल हों. विपक्षी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती सहित कई राजनीतिक दलों ने एमएमयू की हड़ताल के आह्वान का समर्थन किया.

महबूबा ने कहा, ईरान के सर्वोच्च नेता की शहादत पर मीरवाइज उमर फारूक द्वारा किए गए बंद के आह्वान के प्रति हम अपना पूर्ण समर्थन और एकजुटता व्यक्त करते हैं. यह शोक का दिन है, जो दुनिया को याद दिलाता है कि कहीं भी होने वाला अन्याय संपूर्ण मुस्लिम समुदाय और सत्य के लिए खड़े सभी लोगों को आहत करता है. अधिकारियों ने छात्रों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर निजी स्कूलों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों को दो दिनों के लिए बंद कर दिया है. कश्मीर में लगभग 15 लाख शिया रहते हैं और यहां रविवार को लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपुरा, अनंतनाग तथा पुलवामा में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए.

## पाकिस्तान में ड्रोन हमले के बाद अफगानिस्तान सीमा से लगे जिलों में 50 से अधिक स्कूल बंद

**इस्लामाबाद:** अफगानिस्तान की सीमा से लगे जिलों में स्थित 50 से अधिक शिक्षण संस्थान सोमवार को बंद रहे. पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक स्कूल पर ड्रोन हमले के बाद यह कदम उठाया गया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. यह घटना मोहमंद जिले की गलानाई तहसील में उस समय घटी, जब एक मानवरहित विमान (यूएवी) गवर्नर मॉडल हाई स्कूल की इमारत से टकरा गया. मोहमंद के उपायुक्त (डीसी) यासिर हसन ने घटना की पुष्टि की और कहा कि सुरक्षा बल हवाई क्षेत्र में देखे गए एक अन्य ड्रोन को मार गिराने का प्रयास कर रहे थे. स्कूल के बरामदे में यूएवी का मलबा भी मिला; किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और इस घटना से कोई महत्वपूर्ण संरचनात्मक क्षति नहीं हुई है. परिसर के अंदर और आसपास सुरक्षा तुरंत कड़ी कर दी गई और निरीक्षण के लिए इलाके की घेराबंदी की गयी.

## हिज्बुल्ला की सैन्य गतिविधियां अवैध कृत्य, समूह को अपने हथियार सौंप देने चाहिए: लेबनान सरकार

**दुबई :** लेबनान सरकार ने कहा है कि वह हिजबुल्ला की सैन्य गतिविधियों को अवैध कृत्य मानती है और समूह को अपने हथियार सौंप देने चाहिए. लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने कहा कि युद्ध या शांति का निर्णय लेने का अधिकार केवल सरकार के पास है.

## एआई शिखर सम्मेलन में विरोध प्रदर्शन मामले में युवा कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को जमानत




**नई दिल्ली:** दिल्ली की एक अदालत ने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान कमीज उतारकर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार युवा कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को जमानत दे दी. अदालत ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन प्रतीकात्मक रूप से राजनीतिक आलोचना था और मुकदमे की सुनवाई से पहले हिरासत में रखा जाना अवैध तरीके से पहले ही सजा दिए जाने के समान होगा. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रवि ने रविवार को नौ आरोपियों - कृष्ण हरि, नरसिम्हा यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया.

जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि संविधान शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का अधिकार देता है, लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें भी हैं. इसने कहा कि आरोपियों ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया की मौजूदगी में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में नारेबाजी की. दिल्ली पुलिस ने बताया कि आरोपियों को रोकने की कोशिश किए जाने पर उन्होंने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए और इसके चिकित्सीय प्रमाण मौजूद हैं.

## सुडोकू-97

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 9 | 8 | 5 | 6 | |
| 2 | | | 6 | 5 | | 4 | | |
| 8 | | | | 3 | 4 | | 1 | |
| | 6 | 5 | | | | | 4 | 1 |
| | 2 | 4 | | | | 9 | 5 | |
| 1 | 9 | | | | | 6 | 2 | |
| | 8 | | 1 | 6 | | | | 4 |
| | | 2 | | 8 | 9 | | | 5 |
| | 1 | 7 | 5 | 4 | | 3 | | |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.
उत्तर अगले अंक में

### सूडोकू -96 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 8 | 9 |
| 9 | 1 | 2 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 1 |

## युवा शक्ति माथापच्ची- 14



● **बाएं से दाएं**
3. नियम, इन्द्रिय पर वश रखना, 6. धारण करना, 8. दिवार की कंगनी, 10. अंत:करण, इच्छा, विचार, 11. कार्य, वाहन, 12. खोज, तलाश, 14. आनंद, पारा, गुण, 15. अनादर, सूचक, तिरस्कार भाव, 17. माननीय, मानने योग्य, पूज्य, स्वीकार्य, 18. तैयार, वर, दूल्हा, 20. गिला, तर, नमस्कार, 21. रासना, मेंहदी, एक प्रकार की लता, 22. हल्के आघात से टूटनेवाला, 24. निवासी, चतुर, शहरी, 26. मूर्च्छा, बेहोशी, अचेतावस्था.

● **उपर से नीचे**
1. पाप कार्य, अनुचित कर्म, 2. श्रवणेन्द्रि, 4. जो कच्चा न हो, पुष्ट, 5. नुकसान देनेवाला, प्रसिद्धि पाना, 9. रसीला, सुन्दर, मधुर, 12. अग्नि, ज्वर, 13. रोना, 15. अनमना, उदास, 16. चणक, एक अन्न, मानदण्ड, स्तर, 19. गन्ध देना, खुशबू फैलाना, 23. सांप, बादल, खूंटी, 25. समूह, श्रेणी, दूत.

*उत्तर कल के अंक में*

### माथापच्ची- 13 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | स | फ | र | ■ | म | छ | ली |
| ल | ■ | ■ | स | ■ | द | म | ■ | प |
| का | रा | पा | ल | ■ | ■ | ता | प | ना |
| प | ग | ■ | ■ | प | ■ | म | स्त | ■ |
| न | ■ | उ | त्त | र | दा | यी | ■ | का |
| ■ | छा | छ | ■ | दा | ■ | ■ | बा | ला |
| अ | या | ल | ■ | ■ | सा | व | धा | न |
| प | ■ | कू | च | ■ | व | ■ | ■ | म |
| ना | र | द | ■ | अ | धि | का | रि | क |


GREENPANEL
—MDF KA DOOSRA NAAM—
Boil BLACK™
India's
Strongest, Toughest,
Heaviest BWP HDF
GREENPANEL®
— MDF KA DOOSRA NAAM —
Boil BLACK™
Boiling Water Proof HDF
25 YEARS WARRANTY*
India's Strongest,
Toughest,
Heaviest HDF™
Thickness: 12 mm
Boiling Water Proof*
Ultra-High Density
Low Emission
Borer & Termite Proof*
High-Dimensional Stability
FR Variant*
INDIA'S NO. 1 MDF COMPANY®
MDF | HDF | PRE-LAMINATED MDF | WOODEN FLOORING | PLYWOOD
www.greenpanel.com | Toll Free No.: 1800 102 2999
*T&C Apply